

रांची, सोमवार, 06 अक्टूबर 2024

संवत 2082, आश्विन शुक्ल पक्ष 15 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 28 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ जंक फूड को ना, पोषण को कहें हां

रामलीला विवाद में पूनम पांडे का बयान, वीडियो मैसेज में बोलीं ◀◀ 6


हजारीबाग खासमहल जमीन घोटाला में कार्रवाई

# एसीबी ने विजय सिंह को किया गिरफ्तार

संवाददाता






**रांची:** हजारीबाग खासमहल जमीन घोटाला मामले में एसीबी ने विजय प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने उन्हें हजारीबाग से गिरफ्तार किया है। इस मामले में यह तीसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले शराब घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे और तत्कालीन खासमहल पदाधिकारी विनोद चंद्र झा को गिरफ्तार किया गया था। उल्लेखनीय है कि एसीबी ने इस मामले की प्राथमिक जांच (प्रीलिमिनरी इंक्वायरी) पहले ही कर ली थी, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए थे। हजारीबाग की लगभग 2.75 एकड़ खासमहल की जमीन 1948 में एक ट्रस्ट को 30 साल के लिए लीज पर दी गई थी। इस लीज को 1978 में 2008 तक के लिए नवीनीकृत (रिन्यूअल) किया गया था। एसीबी की जांच में पाया गया कि 2008 से 2010 के बीच एक साजिश के तहत इस जमीन को सरकारी बताकर 23 निजी व्यक्तियों को आवंटित कर दिया गया। जांच में पता चला कि लीज के रिन्यूएल के दौरान तत्कालीन खासमहल पदाधिकारी विनोद चंद्र झा ने जानबूझकर ट्रस्ट सेवायत शब्द को हटा दिया था। ऐसा इसलिए किया गया, ताकि जमीन को सरकारी दिखाया जा सके और अवैध रूप से उसका हस्तांतरण (ट्रांसफर) किया जा सके। नियमानुसार, ट्रस्ट की जमीन किसी और को हस्तांतरित नहीं की जा सकती थी, फिर भी ऐसा किया गया। वर्तमान में इस भूमि पर बहुमंजिले व्यावसायिक भवन खड़े हैं, जो अवैध हस्तांतरण का परिणाम है।

# जयपुर के एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में लगी आग, 8 मरीजों की मौत, पीएम मोदी ने जताया दुख,

ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में देर रात हुआ हादसा, 6 सदस्यीय कमेटी करेगी जांच

एजेंसी



जयपुरः राजस्थान की राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में रविवार देर रात आग लग जाने से आठ मरीजों की मौत हो गई, जबकि तीन-चार मरीज घायल हो गए। अस्पताल सूत्रों के अनुसार देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे न्यूरो आईसीयू वार्ड के स्टोर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे आसीयू में धुंआ फैल गया और इस दौरान धुंए से दम घुटने आदि से सात मरीजों की मृत्यु हो गई। इस घटना के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा देर रात करीब ढाई बजे अस्तपाल पहुंचे और हालात का जायजा लिया और इस घटना पर गहरा दुख प्रकट किया और इसे दुःखद बताया।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल में प्रशासन एंव चिकित्सा विभाग एवं अस्पताल के अधिकारियों से जानकारी ली और पीड़ितों को त्वरित हरसंभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुरक्षा, इलाज और प्रभावित लोगों की देखभाल के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ है और उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भजनलाल शर्मा ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और जांच के लिए कमेटी की घोषणा की गई है। इसके लिए चिकित्सा विभाग के आयुक्त इकबाल खान की अध्यक्षता में कमेटी घटना की जांच करेगी और यह समिति इस हादसे से संबंधित सभी पहलुओं की जांच करके एक विस्तृत रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी। इस हादसे के बाद मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपना दिल्ली जाने का दौरा भी स्थगित कर दिया और इस घटना पर पूरी नजर बनाए हुए हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुखः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीती रात जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेन्टर में आग लगने की घटना में हुई जनहानि पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राजस्थान के जयपुर स्थित एक अस्पताल में आग लगने से हुई जान-माल की हानि अत्यंत दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदना। ईश्वर करे कि घायल शीघ्र स्वस्थ हों।

# हाथी के बच्चे का मिला शव, मचा हड़कंप, मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम

एजेंसी



लातेहारः जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत बघोता टोला के पास खेत में रविवार को जंगली हाथी का बच्चा मृत अवस्था में पाया गया। मामले की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी। रविवार को गांव के बगल स्थित खेत में ग्रामीणों ने एक हाथी के बच्चे को पड़ा हुआ देखा। जब ग्रामीण उसके पास गए तो देखा कि हाथी का बच्चा मर चुका है। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद डीएफओ प्रवेश अग्रवाल के निर्देश पर वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर हाथी के बच्चे को कब्जे में ले लिया।

वन विभाग की टीम ने से पहले मेंटल डिटेक्टिव मशीन से हाथी के बच्चे की जांच की। विभाग द्वारा हाथी के बच्चे के पोस्टमार्टम के लिए लातेहार से विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम को भी घटनास्थल पर भेजा गया है। इस संबंध में फॉरेस्ट अधिकारी विजय शंकर शर्मा ने बताया कि हाथी के बच्चे की मौत की सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम पूरे मामले की छानबीन कर रही है। उन्होंने कहा कि हाथी का बच्चा काफी कम उम्र का लग रही है। देखने से साफ लग रहा है कि यह अभी एक माह का भी नहीं है। विभाग हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच आरंभ कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो पाएगा कि हाथी के बच्चे की मौत आखिर कैसे हुई । 8 दिनों से हाथियों ने मचा रखा था उत्पातः ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 8 दिनों से हाथियों के झुंड ने पूरे इलाके में उत्पात मचा रखा था। साधना उरांव ने बताया कि लगभग 12 की संख्या में जंगली हाथी पूरे इलाके में लगातार भ्रमण कर रहे हैं। रात को ग्रामीणों के धान के खेत में लगे फसल को बर्बाद कर रहे हैं। कल रात भी हाथी का झुंड इधर आया था। हाथियों ने खेत में लगे फसलों को बर्बाद भी किया। रविवार को ग्रामीणों ने हाथी के बच्चे को मरा हुआ पाया। ग्रामीणों ने बताया कि जहां हाथी का बच्चा मरा हुआ पड़ा था, वहां कीचड़ था। हो सकता है कि कीचड़ में फंसकर गिर जाने के बाद बड़े हाथी के पैर से दबकर हाथी के बच्चे की मौत हो गई होगी। पिछले कई दिनों से हाथियों का आतंक से परेशान है ग्रामीणः बालूमाथ, बरियातू, हेरहंज आदि प्रखंडों में पिछले कई माह से जंगली हाथियों का आतंक चरम पर है। हाथियों द्वारा अब तक 50 से अधिक ग्रामीणों के घर को ध्वस्त कर दिया गया है। इसके अलावा खेतों में लगे फसलों को भी नुकसान पहुंचाजा रहा है। हालांकि वन विभाग के द्वारा हाथियों को सुरक्षित जंगल में खदेड़ने के लिए लगातार प्रयास भी किया जा रहा है। परंतु जंगली हाथी वापस गांव के आसपास पहुंच जा रहे हैं।

## कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर पलटी यात्री बस, 14 घायल, 3 गंभीर

मेट्रो रेज संवाददाता



कोडरमा : सतगावां से रांची जा रही सागर नामक यात्री बस सोमवार अहले सुबह भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। बस अंगार टर्निंग के पास घने कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सवार 14 यात्री घायल हो गए हैं, जिनमें 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को सड़क से बाहर निकाला और उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही सतगावां थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख पाया, जिससे यह हादसा हुआ।

# मणिपुर में बड़ी कार्रवाई, पीएलए के 15 उग्रवादी गिरफ्तार, सेना काफिले पर हमले में थे शामिल

एजेंसी



**इम्फालः** मणिपुर घाटी स्थित प्रतिबंधित समूह पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के खिलाफ सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान पिछले महीने असम रायफल्स के काफिले पर हुए हमले में शामिल 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। काफिले पर हमले में दो जवानों का बलिदान हुआ था। मुख्य आरोपी ठौंगराम सदानंद सिंह उर्फ पुरकपा (18 वर्षीय) और खोंद्राम ओजित सिंह उर्फ केइलाल (47 वर्षीय) को नंबोल घटना के 72 घंटों के भीतर पकड़ा गया। सुरक्षा एजेंसियां यह भी जांच कर रही हैं कि क्या पीएलए किसी राजनीतिक संरक्षण के तहत काम कर रहा है। यह जांच ऐसे समय में हो रही है जब एक और प्रमुख उग्रवादी समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) ने हाल ही में युद्धविराम की घोषणा की है और 24 कुकी उग्रवादी समूहों द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय के साथ पहले से हस्ताक्षर किए गए ऑपरेशन निलंबन समझौते में शामिल होने के लिए सहमति जताई है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि कुछ समूह राष्ट्रपति शासन को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, जो राज्य में गंभीर जातीय हिंसा को रोकने में मददगार साबित हुआ है। ये समूह यह प्रचार कर रहे हैं कि वर्तमान प्रशासन असफल है और निलंबित विधानसभा को तुरंत बहाल किया जाना चाहिए।

# माता वैष्णो देवी यात्रा स्थगित, मां के दर्शन के लिए कटरा में रुके हजारों श्रद्धालु

एजेंसी



**कटरा :** मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश और भूस्खलन की चेतावनी जारी किए जाने के बाद श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने 5 से 7 अक्टूबर तक मां वैष्णो देवी की यात्रा स्थगित कर दी है। इसके चलते रविवार को मां वैष्णो देवी भवन, यात्रा मार्ग, आद्कुंवारी मंदिर परिसर और दर्शनी ड्योढ़ी क्षेत्र पूरी तरह वीरान नजर आए। हालांकि, देशभर से कटरा पहुंचे करीब तीन से चार हजार श्रद्धालु अभी भी कटरा में रुके हुए हैं और यात्रा शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। शनिवार रात श्राइन बोर्ड ने पंजीकरण केंद्रों को सामान्य समय से दो घंटे पहले, यानी रात आठ बजे ही बंद कर दिया, जिससे देर रात यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई श्रद्धालु दर्शनी ड्योढ़ी तक पहुंचे और भवन की ओर जाने की अनुमति मांगते रहे, लेकिन सुरक्षा कारणों से श्राइन बोर्ड ने आगे जाने की इजाजत नहीं दी। अंततः उन्हें वापस कटरा लौटना पड़ा। शनिवार देर शाम मौसम ने फिर करवट बदली थी। आसमान पर घने बादल छा गए और रविवार सुबह तक हल्की बारिश जारी रही। हालांकि उसके बाद मौसम साफ हो गया और दिनभर धूप खिली रही। श्रद्धालु अब श्राइन बोर्ड से लगातार अपील कर रहे हैं कि चूंकि मौसम सुधर गया है, उन्हें भवन की ओर जाने की अनुमति दी जाए। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यात्रा बहाल करने का निर्णय मौसम की स्थिति और सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा।

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान

# आज, शाम 4 बजे ईसी करेगा प्रेस कॉन्फ्रेंस

एजेंसी




**नई दिल्ली :** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर चल रहा इंतजार आज (सोमवार, 6 अक्टूबर) खत्म होने जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग आज शाम 4 बजे दिल्ली के विज्ञान भवन में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तारीखों का ऐलान करेगा। इसके साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो जाएगी मौजूदा 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर, 2025 को समाप्त हो रहा है। इससे पहले राज्य के लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग से आग्रह किया था कि मतदान छठ महापर्व (25 से 28 अक्टूबर) के बाद करवाया जाए। दलों का तर्क है कि त्योहारों के समय बड़ी संख्या में प्रवासी बिहारी घर लौटते हैं, जिससे मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी सुनिश्चित की जा सकेगी। तारीखों के ऐलान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त एसएस। संधू एवं विवेक जोशी ने पटना का दो दिवसीय दौरा कर तैयारियों की गहन समीक्षा की थी। इस दौरान आयोग की टीम ने 6 राष्ट्रीय और 6 राज्य स्तरीय दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनके सुझाव लिए थे। दलों ने हर मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1500 से घटाकर 1200 करने के आयोग के कदम की सराहना की, जिससे मतदान के दिन भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

आयोग ने राज्य के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था, ईवीएम प्रबंधन और मतदाता जागरूकता जैसे अहम पहलुओं पर भी विस्तृत चर्चा की। साथ ही, सभी जिला अधिकारियों को सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली फर्जी खबरों पर कड़ी नजर रखने और जरूरत पड़ने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

चिल्फी घाटी में भीषण सड़क हादसा

## बोलेरो और ट्रक की जोरदार टक्कर में 5 की मौत, चार घायल



कबीरधामः छत्तीसगढ़ में कबीरधाम जिले के चिल्फी घाटी स्थित रायपुर- जबलपुर नेशनल हाईवे-30 पर रविवार रात दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अकलघरिया गांव के पास बोलेरो और ट्रक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बोलेरो सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृतकों में दो महिलाएं और एक बच्ची भी शामिल बताई जा रही हैं। हादसे में घायल लोगों को डॉयल 112 की मदद से बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो वाहन कोलकाता से मध्यप्रदेश की ओर जा रही थी। इसी दौरान अकलघरिया के पास सामने से आ रहे ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही बोड़ला थाना पुलिस मौके पर पहुँची और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

# जल्द दौड़ेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन भारत का पहला हाइड्रोजन प्लांट तैयार

एजेंसी



**जींद :** हरियाणा के जींद से देश में स्वच्छ ऊर्जा के नए युग की शुरूआत होने जा रही है। भारत का पहला हाइड्रोजन फ्यूल प्लांट लगभग तैयार है और अगले 10-15 दिनों में इसका काम पूरी तरह पूरा हो जाएगा। पेट्रोलियम मंत्रालय सहित कुछ विभागों से अंतिम स्वीकृति (एनओसी) मिलना बाकी है, जो जल्द मिलने की उम्मीद है। प्लांट की जांच के दौरान फायर फाइटिंग सिस्टम में मिली कमियों को दुरुस्त किया जा रहा है। फिलहाल प्लांट में हाइड्रोजन गैस का उत्पादन शुरू हो गया है और इसकी टेस्टिंग जारी है। यह प्लांट प्रतिदिन 430 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा, जिस पर करीब 70 करोड़ रुपये की लागत आई है। इस पायलट परियोजना के तहत एक डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डीईएमयू) रैक को हाइड्रोजन ईंधन में अपग्रेड किया जा रहा है। सबसे पहले जींद-गोहाना-सोनीपत रेल मार्ग (करीब 89 किमी) पर हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन दौड़ेगी। ट्रेन की गति 110 से 140 किमी प्रति घंटे तक होगी और इसमें एक बार में 2638 यात्री यात्रा कर सकेंगे। हाइड्रोजन की आपूर्ति इसी जींद प्लांट से की जाएगी। प्लांट में तीन हजार किलोग्राम भंडारण क्षमता वाला ईंधन स्टेशन, कंप्रेसर और तेज रिफ्यूलिंग के लिए प्री-कूलर इंटीग्रेशन वाले दो डिस्पेंसर लगाए गए हैं। यह ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित होगी, जो पारंपरिक डीजल ट्रेनों का पर्यावरण-अनुकूल विकल्प साबित होगी। ट्रेन का इंजन धुएं की बजाय पानी और भाप छोड़ेगा, जिससे कार्बन उत्सर्जन शून्य रहेगा और वायु प्रदूषण में कमी आएगी। भारत की यह पहली हाइड्रोजन ट्रेन देश में हरित ऊर्जा और स्वच्छ परिवहन के क्षेत्र में एक मील का पत्थर मानी जा रही है।

न्यूज IN ब्रीफ

## रवि मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस का पंचायत स्तरीय संगठन विस्तार




**खूंटीः** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा गत रात्रि जारी सूची के बाद, रवि मिश्रा को आधिकारिक रूप से जिला अध्यक्ष के पद पर पुष्टि की गई है। इसके ठीक एक दिन बाद, शनिवार को श्री मिश्रा की अध्यक्षता में 'पुनः संगठन सृजन अभियान' के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान, भूत, लादुंप, तिलमा, डाडीगुटू और बारूडीह पंचायतों के पदाधिकारियों को उनके नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी का पट्टा (बैज) पहनाकर उनका औपचारिक स्वागत किया।

मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने नवनियुक्त कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी की जिम्मेदारी है कि वह पार्टी के संदेश को घर-घर तक ले जाए। साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने और सरकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

रवि मिश्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी क्षेत्र में कार्य नहीं होता है, तो इसकी सूचना सीधे अध्यक्ष को दी जानी चाहिए, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि पाण्डेया मुण्डू, फिरोज आलम उर्फ बब्लू, अनमोल होरो, निर्मल उरांव, दयाराम मुण्डा, मगतराय टुटी और दानियल टुटी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी की जमीनी स्तर पर मजबूती को और सुदृढ़ करना तथा स्थानीय नेताओं को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराना था।

## शिव गुरु महोत्सव 30 को उमड़ेगा आस्था का जन सैलाब




**चतरा :** विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन 30 नवंबर को चतरा जिला मुख्यालय स्थित बाबा घाट के मैदान में आयोजित की गई है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर रविवार को स्थानीय फॉरेस्ट कॉलोनी मंदिर प्रांगण में अरुण शर्मा की अध्यक्षता एक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ गुरु भाई राजेश कुमार पांडे ने कहा की कई वर्षों के बाद शिव शिष्यों के द्वारा विराट महोत्सव का आयोजन किया गया है।इस आयोजन में मुख्य वक्ता शिव शिष्य प्रणेता हरिंद्रानंद जी की कृपा पात्र बरखा दीदी होंगे। बरखा दीदी आओ चले शिव की ओर कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने में लगी है। बिहार झारखंड सहित भारत के अन्य राज्यों में भी शिव गुरु की बातें लेकर लोगो को शिव गुरु से जुड़ने की अपील कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि महोत्सव को लेकर गांव गांव तक प्रचार वाहन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाएगा । शहर के विभिन्न गली मोहल्ले में घूम घूम लोगों को कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में लाखों की संख्या में लोगों को उपस्थित होने की उम्मीद है।बैठक में चतरा मुख्यालय के अलावा हंटरगंज,सिमरिया, प्रतापपुर सहित अन्य प्रखंड से गुरु भाई और गुरु बहनों ने हिस्सा लिया। मौके पर सुनील शर्मा, शैलेंद्र कुमार कुलेश्वर साव, अर्जुन साव, भारत गोप सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमन सिंह ने कार्यकारी अध्यक्ष से की शिष्टाचार मुलाकात



**चतरा :** राज्यसभा सांसद व भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू भाजपा नेता सुमन कुमार सिंह ने उनके ओरमांझी के कुचू स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**पेटरवार :** राज्य के पेयजल व स्वच्छता तथा उत्पाद व मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रविवार को पेटरवार स्थित आवासीय कार्यालय में क्षेत्र से आये कई लोगों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर लोगों ने उन्हें व्यक्तिगत एवं क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। सभी बातों को गंभीरता से सुनने के बाद उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर समस्याओं के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# चुटूपालू घाटी में हाइवा ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौके पर मौत

संवाददाता

**रामगढ़ः** जिले के चुटूपालू घाटी क्षेत्र में रविवार को दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान दुलमी निवासी बरकेश महतो के रूप में हुई है, जो सुबह काम पर जाने के लिए अपनी बाइक से निकला था। हादसे के तुरंत बाद हाइवा चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा सैनी होटल के पास तेज रफ्तार हाइवा ने एक बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और सड़क जाम कर दिया।



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भागने की कोशिश में हाइवा ने आगे एक कार को भी टक्कर मार दी, जिसमें सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की भयावहता देखकर मौके पर मौजूद लोग सहम गए। घटना की जानकारी मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन पांडेय, एसआई उपेंद्र कुमार सहित पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे। भीड़ को नियंत्रित करते हुए सड़क से जाम हटाया और यातायात बहाल करने में जुट गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, हाइवा चालक काफी तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था। नियंत्रण खोने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस फरार हाइवा चालक की तलाश में जुट गई है और आसपास के क्षेत्रों में वाहन की खोजबीन की जा रही है। वहीं, मृतक के परिजन घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे और न्याय की मांग की। प्रशासन ने मृतक परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। इस घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

# मध्यप्रदेश पुलिस ने देवघर से दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



संवाददाता

**देवघर :** मध्यप्रदेश के पन्ना से पहुंची एक पुलिस टीम ने झारखंड के देवघर जिले में 2 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान हसन राजा और इरफान अंसारी के रूप में हुई है जिन्हें शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों पर आरोप है कि ये खुद को बैंक अधिकारी बताकर लोगों के साथ धोखाधड़ी करते थे। मधुपुर के उप संभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) सत्येंद्र प्रसाद ने कहा, ह्यह्यदोनों आरोपी मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के पवई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एक सरकारी स्कूल के शिक्षक से 14 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने में शामिल थे। पीड़ित ने मध्यप्रदेश में पन्ना जिले के पवई थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन डेटा के आधार पर पुलिस ने पाथरोल थाना क्षेत्र के तीन युवकों की संलिप्तता की पहचान की।" उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश से आई तीन सदस्यीय टीम ने पथरोल पुलिस की मदद से कसैया और बिलरिया गांवों में छापेमारी की तथा अमन राजा, हसन राजा और इरफान अंसारी को हिरासत में लिया गया।

प्रसाद के मुताबिक, पूछताछ के बाद पुलिस ने अमन राजा को निजी मुचलके पर रिहा कर दिया जबकि हसन राजा और इरफान अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस ने इरफान अंसारी के घर से 3.15 लाख रुपये नकद, एक एटीएम कार्ड, सिम कार्ड, एक मोबाइल फोन, एक पासबुक और एक मोटरसाइकिल बरामद की, जबकि हसन राजा के घर से पांच लाख रुपये नकद, एक लैपटॉप, एक मोबाइल फोन, एक एटीएम कार्ड, सिम कार्ड, सोने और चांदी के आभूषण तथा अन्य दस्तावेज जब्त किए। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद मध्यप्रदेश पुलिस उन्हें स्थानीय अदालत से अनुमति लेकर ट्रांजिट रिमांड पर पन्ना ले जाने की तैयारी कर रही है।

# सदर अस्पताल में नया ड्यूटी रोस्टर लागू

### ड्यूटी रोस्टर का पालन नहीं करने वाले चिकित्सक पर होगी विभागीय कार्रवाई

**बोकारो :** सदर अस्पताल की व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कड़े निर्देश जारी किये हैं। मंत्री के निर्देश के आलोक में सोमवार से अस्पताल के ओपीडी, इमरजेंसी कक्ष व गायनिक विभाग में नया ड्यूटी रोस्टर लागू कर दिया गया है। ड्यूटी रोस्टर सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे, अपराह्न तीन बजे से रात्रि नौ बजे व रात्रि नौ बजे से सुबह नौ बजे तक लागू रहेगा। इसे लेकर सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने पत्र जारी कर दिया है। सभी चिकित्सकों को कड़े निर्देश दिये गये हैं। ड्यूटी रोस्टर का पालन नहीं करनेवाले चिकित्सकों से पहले स्पष्टीकरण पूछा जायेगा। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर सीएस विभागीय कार्रवाई के लिए मुख्यालय को पत्र लिखेंगे। डीएस डॉ एनपी सिंह की अनुशंसा पर कार्रवाई करेंगे।

सिविल सर्जन डॉ प्रसाद ने मुख्यालय से बाहर रह कर सदर अस्पताल में ड्यूटी करनेवाले चिकित्सकों को कड़ी हिदायत दी है। कहा है कि मुख्यालय से बाहर रहकर किसी भी हाल में ड्यूटी नहीं की जा सकती है। लिखित व इमरजेंसी की स्थिति में मौखिक जानकारी के बिना चिकित्सक मुख्यालय नहीं छोड़ सकते हैं। बिना सूचना के मुख्यालय छोड़ने पर चिकित्सक से स्पष्टीकरण पूछते हुए विभागीय कार्रवाई की जायेगी। मरीज को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में किसी तरह की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। इमरजेंसी की स्थिति में ही चिकित्सक का ड्यूटी मैनेज किया जा सकता है।

# मोबाइल व पैसा का लूटने वाले दो अंतराज्यीय अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता

**चतराः** बीते 03 अक्टूबर की रात्रि में हंटरगंज थाना क्षेत्र के जबरा पथसुगिया रोड पर एक टोटो चालक एवं उसमें सवार व्यक्ति से मारपीट कर दो मोबाइल एवं 2000 लूट कांड का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने घटना में शामिल मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात अभियुक्तों में से दो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। साथ ही लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लुटा गया समान भी बरामद कर लिया है। इस संबंध में हंटरगंज पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं मार्गदर्शन के आधार पर त्वरित कार्रवाई की गई। बताया गया है कि जबरा गांव के रंजीत कुमार पिता उपेंद्र यादव के लिखित आवेदन के आधार पर हंटरगंज थाना कांड संख्या 171/25 दिनांक-04।10।25 धारा-309(6) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में बृजेश कुमार उम्र 19 वर्ष पिता समोदर यादव सा।

डाहा थाना हंटरगंज जिला चतरा और नरेश कुमार उर्फ जुम्मन कुमार उम्र 20 वर्ष पिता बुटाई यादव थाना- शेरघाटी जिला- गया जी बिहार का नाम शामिल है। पुलिस ने अपराधियों के पास से लूट में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल,02 लुटा गया स्मार्ट मोबाइल फोन तथा घटना के समय उपयोग किया गया दो अन्य स्मार्ट मोबाइल फोन।छापामारी दल में प्रभात कुमार पुअनि सह थाना प्रभारी हण्टरगंज, पुअनि पुरुषोत्तम अग्निहोत्री,पुअनि रूपेश कुमार एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### झामुमो का जिला स्तरीय सम्मेलन संपन्न, कार्यालय का उद्घाटन

# संगठन को मजबूत बनाने में अपना समय लगाएंः बिनोद पांडेय

संवाददाता

**चतराः** रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त नेता फागु बेसरा व विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि चतरा जिले के सभी 154 पंचायतों व शहर के सभी 22 वाडों में संगठन को मजबूत करना है। झारखंड मुक्ति मोर्चा में पंचायत स्तर की कमेटी सबसे महत्वपूर्ण कमेटी मानी जाती है। पंचायत कमेटी को बिना मजबूत बनाए संगठन को मजबूत नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने मंच से ही पार्टी के नेताओं को फटकार लगाते हुए कहा कि वह एक दूसरे के पैर खींचने के बजाय संगठन को मजबूत बनाने में अपना समय लगाएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फागु बेसरा ने कहा कि संगठन है तो हम हैं। हम सभी को मिलकर संगठन को



मजबूत बनाना है। कार्यक्रम के दौरान राजद के पूर्व चतरा प्रखंड अध्यक्ष बालगोविंद यादव अपने दर्जनों कार्यकताओं के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण किया। महासचिव बिनोद कुमार पांडेय ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में स्वागत किया।

जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन : इससे पूर्व अतिथियों ने सदर थाना मैदान के सामने झामुमो जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन केंद्रीय महासचिव बिनोद पांडेय, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री फागू बेसरा,केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने संयुक्त रूप से किया। पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय महासचिव ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं को कार्यकताओं के माध्यम से निचले स्तर के लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष नीलेश गयाशेन, कोषाध्यक्ष नितेश राणा, वरिष्ठ नेता मनोज चंद्रा,पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज प्रजापति समेत अन्य मौजूद थे।

# मुरहू प्रखंड में लगी मास्ट लाइटें एक माह में ही हुई बंद, उप प्रमुख ने उठाए सवाल

संवाददाता

**खूंटी :** मुरहू प्रखंड मुख्यालय और मुख्य मार्गों पर हाल ही में लगाई गई मास्ट लाइटें मात्र एक महीने के भीतर ही बेकार हो गई हैं। इससे पूरे क्षेत्र में रात के समय अंधेरा छा गया है, जिससे स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी है।

प्रखंड के अधिकांश हिस्सों में ये लाइटें या तो पूरी तरह बंद पड़ी हैं या फिर ठीक से काम नहीं कर रही हैं। इस स्थिति ने जनता के पैसे के दुरुपयोग और कार्यों में गुणवत्ता की कमी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने इस मामले को उजागर करते हुए बताया कि इन लाइटों की योजना उन्होंने ही जनहित में प्रस्तावित की थी, ताकि प्रखंड की मुख्य सड़कें रोशनी से जगमगा उठें। लेकिन उन्होंने आश्चर्य जताया कि न तो प्रखंड कार्यालय को इस कार्य की औपचारिक सूचना दी गई और न ही यह पता चल सका कि यह कार्य किस बजट मद से और किस ठेकेदार के माध्यम से कराया गया।

साबू ने कहा, यह स्थिति जनता के पैसे की खुली लूट का उदाहरण है। सरकारी योजनाओं को ठेकेदारों द्वारा भ्रष्टाचार का माध्यम बनाया जा रहा है। यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो जनता का भरोसा सरकारी तंत्र से उठ जाएगा।

उप प्रमुख ने बताया कि उन्होंने



इस संबंध में झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (जेरेडा), राँची को लिखित शिकायत भेजी है, लेकिन अब तक किसी भी अधिकारी की ओर से कोई जवाब नहीं मिला है। उनका आरोप है कि लाइटों में इतनी घटिया गुणवत्ता की सामग्री इस्तेमाल की गई है कि वे एक महीना भी नहीं चल पाईं और प्रशासनिक स्तर पर निगरानी की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। लाइटों के बंद होने से स्थानीय निवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय मुख्य मार्गों पर आवागमन मुश्किल हो गया है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने भी संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से तत्काल जाँच कराने और लाइटों को ठीक कराने की माँग की है। इस पूरे मामले की जांच और समाधान के लिए उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने जिला प्रशासन से मांग की कि दोषी पाए जाने वाले ठेकेदार या एजेंसी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता के कर से जमा होने वाला पैसा उनके हित में ही लगे, न कि कुछ लोगों की जेब भरने में। मुरहु क्षेत्र के नागरिकों ने उप प्रमुख के इस कदम का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन और जेरेडा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ठोस कार्रवाई करेगा।

### रांची में तनुश्री हत्याकांड का खुलासा

# तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, पैसों को लेकर हुए विवाद में की गयी थी हत्या

**संवाददाता**

**रांचीः** रांची पुलिस ने 29 सितंबर को सदर थाना क्षेत्र में बरामद युवती तनुश्री हत्याकांड का पदार्फाश करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ने बताया कि हत्या के पीछे 80 हजार रुपये के लेनदेन में विवाद मुख्य कारण था।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जयपाल सिंह, उसके पुत्र धीरज कुमार सिंह और करण कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेजने की



प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी मूल रूप से लोहरदगा जिले के नगरा बसरी गांव के निवासी हैं और वर्तमान में रांची के सदर थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर, पानी टंकी के पास रहते थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, मृतका का सिम कार्ड और मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से साइंटिफिक साक्ष्य इकट्ठे किए गए थे, जिससे आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिली।

ज्ञातव्य है कि 29 सितंबर को पीएचईडी पहाड़ फुचका टोली के पास एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम और तकनीकी जांच के बाद शव की पहचान चापावार थाना क्षेत्र निवासी तनुश्री के रूप में हुई। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि जयपाल सिंह ने मृतका के फोन पे खाते से जबरन 50 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर किए थे। जब तनुश्री ने अपने पैसे वापस मांगे तो विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने उसकी हत्या कर दी। सिटी एसपी ने बताया कि तीनों आरोपियों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया है। हत्या के बाद उन्होंने सबूत मिटाने की भी कोशिश की थी, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मामले का जल्द खुलासा कर दिया। फिलहाल तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन दिल्ली दौरे पर, अचानक बना कार्यक्रम

**संवाददाता**

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन रविवार शाम को दिल्ली चले गये। हालांकि पूर्व में मुख्यमंत्री के दिल्ली यात्रा का कोई कार्यक्रम निर्धारित नहीं था। रविवार को अचानक कार्यक्रम तय किया गया।

मुख्यंत्री के दिल्ली यात्रा को लेकर आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गयी है। उल्लेखनीय है कि आठ अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में सारंडा अभयारण मामले में सुनवाई तय है। सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार को पक्ष रखना है। राज्य सरकार ने इस मामले में



मंत्रियों की उच्चस्तरीय टीम बनायी थी। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में बनी इस टीम ने राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंप दी

# रांची रेल मंडल में बनेगा पहला यूनिफाइड कंट्रोल कमांड रूम

### केंद्रीयकृत यातायात नियंत्रण प्रणाली (सीटीसी) हेतु बनेगा नया भवन

**संवाददाता**

रांचीः दक्षिण-पूर्व रेलवे के चार मंडलों (रांची, आद्रा, चक्रधरपुर व खड़गपुर) में से रांची मंडल में सर्वप्रथम यूनिफाइड कंट्रोल कमांड कक्ष का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए केंद्रीयकृत यातायात नियंत्रण प्रणाली (सीटीसी) हेतु अलग भवन बनेगा। इसको लेकर दक्षिण-पूर्व रेल मुख्यालय ने रांची रेल डिविजन से प्रस्ताव मांगा है। रेलवे अधिकारी ने बताया कि यह भवन डीआरएम कार्यालय के पीछे बनाया जायेगा, जहां जाने के लिए तीन रास्ते हैं। एक डीआरएम कार्यालय होकर, दूसरा मंडल रेल अस्पताल की तरफ से और तीसरा डीआरएम कार्यालय के बाहर आरपीएफ थाना के पास से। वर्तमान में कंट्रोल रूम



डीआरएम कार्यालय भवन में है। अलग सीटीसी भवन बनने के बाद वहां अत्याधुनिक उपकरण लगाये जायेंगे। ट्रेनें अब पैनल बटन की जगह कंप्यूटर माउस के इशारे से चलेंगी। रेल लाइनों और समपार फाटकों पर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा और ट्रेनों की गति भी बढ़ेगी। ट्रेनें छोटे स्टेशनों और आउटर पर बिना वजह नहीं रुकेगी।समय पालन दुरुस्त होगा। इस परियोजना की लागत करीब तीन करोड़ रुपये होगी।

**मॉडर्न सिग्नलिंग एसेट का होगा इस्तेमाल**

सीटीसी एक वास्तविक समय ट्रेन यातायात नियंत्रण और संकेत प्रणाली है। इसके जरिये ट्रेन की गतिविधियों को दूर से कमांड और नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही ट्रेन की आवाजाही सही तरीके से सुनिश्चित होगी।यहां विभिन्न प्रणालियों-जैसे सुरक्षा निगरानी, बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम और संचार को एक साथ प्रबंधित किया जायेगा। सीटीसी प्रणाली में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और ऑप्टिकल फाइबर कम्युनिकेशन केबल जैसे मॉडर्न सिग्नलिंग एसेट का इस्तेमाल किया जायेगा। इसके जरिये ट्रेन परिचालन को पूरी तरह डिजिटल प्लेटफार्म पर लाया जा सकेगा। सीटीसी प्रणाली के जरिये ट्रेनों का संचालन भी पूरी तरह कंप्यूटराइज्ड होगा।

## अशोक मुंडा बने केन्द्रीय सरना समिति के प्रधान महासचिव



**रांचीः** मा ु ख्या पा ह ा ना जगलाल पहान एवं के न्द्रीय सा र ना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने नामकुम के रामपुर निवासी अशोक मुंडा के समाजिक कार्यों को देखते हुए उन्हें केन्द्रीय सरना समिति का प्रधान महासचिव नियुक्त किया गया। इसके प्रधान महासचिव बनने से केंद्रीय सरना समिति को बल मिलेगा। इस शुभ कार्य में मुख्य रूप से केन्द्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ,मुख्य पहान जगलाल पहान महादेव टोप्पो, जगरनाथ तिर्की, सुरेन्द्र लिंडा,आकाश मुंडा, विशाल मुंडा, मुकेश मुंडा, मुन्ना हेमरोम, व उपस्थित थे।

# कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव को सफल बनाने को लेकर बैठक

**रांचीः** स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति के तत्वावधान में कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव 2025 को सफल बनाने हेतू एक आम बैठक रखी गयी । जिसमें मुख्य रूप से यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेले में बनारस के पाँच ब्राह्मणों द्वारा गंगा आरती एवं नागपूरी कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण का कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले आदि की व्यवस्था होगी तथा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के स्नान घर की भी व्यवस्था की जाएगी ताकि उन्हें कोई असुविधा ना हो। बैठक मे मुख्य रूप से संरक्षक- प्रशांत टोप्पो, दीपेश पाठक, सुनील साहू, विजय महतो अध्यक्ष माखन पाठक,



**वरिष्ठ उपाध्यक्षः** शशि कुमार महतो आयुष महतो, मिट्ठू साहू, चंदन प्रताप ठाकुर, सुबोध सिंह, रंजीत राम, संतोष राणा, नीतीश सिंह,

**उपाध्यक्षः** शिवम सिंह, शैकी सिंह, आयुष कुमार, रोहित कुमार,शुभम गिरी महासचिव विक्रम साहू, निखिल साहू, राजन साहू , तुषार सिंह राहुल राम

महामंत्रीः शिवम वर्मा, अमित केशरी, अनूप मेहता, कुनाल भोक्ता,

**सचिवः** राहुल साहू, राहुल कुमार हिमांशु कुमार,शिवाजीत कुमार, राहुल कुमार ज्ञानदीप कुमार,सोनू साहू, करण साहू, मोहन कुमार, विक्की यादव व अन्य उपस्थित थे ।

# 10 किमी वॉकाथॉन में छात्रों ने दिखाई पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता

**संवाददाता**

**रांचीः** बीएयू के रांची पशुचिकित्सा एवं पशुपालन कॉलेज के विद्यार्थियों ने रविवार सुबह 71वें वन्यजीव सप्ताह वॉकाथॉन में हिस्सा लिया। इसका आयोजन झारखंड सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा किया गया। कॉलेज के 50 विद्यार्थियों ने 10 किमी वॉकाथॉन में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखायी। कार्यक्रम में कॉलेज के खेल प्रभारी डॉ अबसार अहमद



भी शामिल हुए और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। वॉकाथॉन वन भवन, डोरंडा से शुरू होकर कडरू, अरगोड़ा चौक, डिबडीह ओवरब्रिज, डीपीएस चौक, बिरसा चौक, हिनू चौक होते हुए वापस वन भवन, डोरंडा पहुंचा।

वॉकाथॉन का आयोजन हर कदम मायने रखता हैः वन्यजीव बचायें, पृथ्वी बचायें थीम के तहत किया गया। इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों और स्थानीय समुदाय में प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफलता प्राप्त की। ज्ञात हो कि अक्तूबर माह का पहला सप्ताह पूरे भारत में वन्यजीव सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता की सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करना, लोगों में जागरूकता बढ़ाना और जन भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

## मनरेगा कर्मियों को नही मिला मानदेय

**संवाददाता**

**रांचीः** राज्य के करीब 5000 मनरेगाकर्मियों (रोजगार सेवक) को पिछले आठ से 10 माह से मानदेय नहीं मिला है। दुर्गा पूजा और दशहरा जैसे पर्व भी उन्हें आर्थिक तंगी में गुजारने पड़े। अब दीपावली और छठ जैसे त्योहारों से पहले कर्मी लंबित मानदेय जारी होने का इंतजार कर रहे हैं। मानदेय नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानी हो रही है और काम करना मुश्किल हो गया है। मनरेगाकर्मी लगातार सरकार से अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहे हैं।

### रिम्स में रैगिंग से नये विद्यार्थियों को बचाने की व्यवस्था

# हॉस्टल से क्लास तक सुरक्षा घेरे में पहुंच रहे विद्यार्थी

**संवाददाता**

**रांचीः** एमबीबीएस के नये सत्र (वर्ष 2025-29) के विद्यार्थी रिम्स प्रशासन की निगरानी में हॉस्टल से क्लास रूम तक जा रहे हैं। सुबह क्लास शुरू होने पर सुरक्षा गार्ड हॉस्टल संख्या आठ-ए पहुंचते हैं और सभी विद्यार्थियों को एकत्र करते हैं। इसके बाद वीडियोग्राफी के साथ उन्हें क्लास रूम तक पहुंचाया जाता है। दोपहर में क्लास खत्म होने पर इसी प्रक्रिया के तहत उन्हें वापस हॉस्टल लाया जाता है। सूत्रों के अनुसार, हॉस्टल से क्लास रूम तक विद्यार्थियों की आवाजाही पर पूरी तरह निगरानी



रखी जा रही है। यह व्यवस्था रैगिंग की रोकथाम के लिए की गयी है। इधर, सीनियर छात्रों की आवाजाही रोकने के लिए हॉस्टल का समय भी निर्धारित कर दिया गया है। हॉस्टल संख्या आठ-ए सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक ही खुला रहता है।इसके बाद हॉस्टल में ताला लगा दिया जाता है और बाहर दो गार्ड तैनात हो जाते हैं। यदि किसी विद्यार्थी को शाम पांच बजे के बाद किसी आवश्यक कार्य से बाहर जाना होता है, तो उसे सुरक्षा गार्ड को कारण सहित पूरी जानकारी दर्ज करानी होती है।

एंटी रैगिंग की जानकारी हॉस्टल परिसर में चस्पाः रिम्स प्रशासन ने एंटी रैगिंग के नियमों की जानकारी हॉस्टल परिसर में चस्पा कर दी है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि हर हाल में नियमों का पालन करना अनिवार्य है। यदि कोई मामला सामने आता है तो संलिप्त विद्यार्थी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। रिम्स प्रशासन स्वच्छ और सुरक्षित शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# टोरी रेलवे कोयला साइडिंग पर अज्ञात अपराधियों ने की फायरिंग, गोली लगने से मजदूर घायल

**संवाददाता**

**लातेहारः** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टोरी रेलवे स्टेशन से 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित टोरी रेलवे पब्लिक साइडिंग में बीती रात अपराधियों ने लगभग चार राउंड फायरिंग की। इस घटना में साइडिंग में काम कर रहे मजदूर गोपाल प्रसाद गोली लगने से घायल हो गए। उनका इलाज सदर अस्पताल में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है।

दरअसल रविवार की रात लगभग 12:00 बजे रेलवे साइडिंग पर मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधी वहां पहुंचे और मजदूरों को निशाना बनाकर फायरिंग शुरू कर दी। अचानक गोली चलने से लोग डर गए और इधर-उधर भागने लगे। इसमें एक मजदूर गोपाल प्रसाद के पैर के ऊपर गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लगभग चार राउंड फायरिंग करने के बाद अपराधी वहां से फरार हो गए।

अपराधियों के भागने के बाद घायल मजदूर को तत्काल चंदवा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां



प्राथमिक इलाज के बाद उसे लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया कि मजदूर के हिप में गोली लगकर आर-पार हो गई। गोली बाहर निकल जाने के कारण मजदूर की जान अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

टोरी साइडिंग पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस टीम की ड्यूटी 24 घंटे लगाई गई है। गोली चलने की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। वहीं घटना की जानकारी पुलिस के बड़े अधिकारियों को भी दी गई। अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस की टीम ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है। हालांकि घटना को अपराधी संगठन के द्वारा अंजाम दिया गया है, यह बात अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

***रंगदारी के लिए दहशत फैलाने के इरादे से अपराधियों ने की फायरिंग***

बताया जाता है कि अपराधियों ने कोयला साइडिंग से रंगदारी वसूलने के इरादे से ही इस प्रकार की घटना को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैलाने का प्रयास किया है। इससे पूर्व भी अलग-अलग अपराधी संगठनों द्वारा इसी प्रकार दहशत फैलाने का प्रयास किया जाता रहा है। हालांकि पुलिस की सक्रियता के कारण अपराधियों की मंशा सफल नहीं हो पाती है।

# बिहार विधानसभा चुनाव में जेएमएम ने 12 सीटों का किया दावा

### आज सुदिव्य कुमार सोनू तेजस्वी यादव से कर सकते हैं मुलाकात

रांचीः बिहार विधानसभा चुनाव में हिस्सेदारी को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुदिव्य कुमार सोनू और विनोद पांडे आज पटना में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव से मुलाकात करेंगे। पार्टी अध्यक्ष और सीएम हेमंत सोरेन ने दोनों को बातचीत करने के लिए इसकी कमान सौंपी है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भी अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। पार्टी राज्य की सीमावर्ती 12 विधानसभा सीटों पर दावेदारी के साथ महागठबंधन में सम्मानजनक भागीदारी की तैयारी में जुट गई है। झामुमो की नजर बिहार के तारापुर, कटोरिया, मनिहारी, झाझा, बांका, ठाकुरगंज, रुपौली, रामपुर, बनमनखी, जमालपुर, पीरपैंती और चकाई सीटों पर है। इन जिलों की सीमा झारखंड से लगती है और यहां झामुमो का वोटबैंक मजबूत माना जाता है। पार्टी का दावा है कि इन इलाकों में संगठन की जमीनी पकड़ अच्छी है और अतीत में उसके विधायक भी यहां से चुने जा चुके हैं।


उल्लेखनीय है कि सितंबर महीने में झामुमो अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पटना में हुई 'वोटर अधिकार रैली' के दौरान राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की थी, लेकिन तब सीट शेयरिंग पर कोई चर्चा नहीं हो सकी थी। इस बार बैठक को लेकर झामुमो काफी गंभीर है और पार्टी नेताओं को मजबूत तुकरं के साथ सीट शेयरिंग की बातचीत की जिम्मेदारी दी गई है। ज्ञातव्य है कि पिछले साल हुए झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान झामुमो ने महागठबंधन धर्म निभाते हुए राजद को 7 सीटें दी थीं, जिनमें से पार्टी ने 4 सीटों पर सफलता पाई थी। झामुमो अब इसी तर्ज पर बिहार में 12 सीटों की मांग कर रहा है। पार्टी का तर्क है कि गठबंधन धर्म में उसे भी वही सम्मान और हिस्सेदारी मिलनी चाहिए, जैसा उसने झारखंड में सहयोगी दलों को दिया था।

# रांची में साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन, पाकिस्तान की मौजूदगी पर सस्पेंस बरकरार

**संवाददाता**

**रांचीः** राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में 24 से 26 अक्टूबर तक साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता भारत समेत श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और मालदीव के एथलीटों के प्रदर्शन का बड़ा मंच होगी।

प्रारंभ में इस इवेंट को अप्रैल-मई के महीने में आयोजित करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब इसे अक्टूबर में कराने का



फैसला किया गया है। इस चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ी विभिन्न एथलेटिक्स विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। वहीं पाकिस्तान की टीम की संभावित भागीदारी के विषय में अभी अंतिम निर्णय बाकी है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) की फाइनेंस कमेटी के अध्यक्ष मधुकांत पाठक ने आज यहां बताया कि पाकिस्तान की तरफ से सहमति मिलने पर इसका फैसला होगा। बाकी सभी देशों से पहले ही भागीदारी की पुष्टि हो चुकी है।

यह आयोजन वर्ल्ड एथलेटिक्स की 'डी' कैटेगरी मीट के अंतर्गत आता है, जो एथलीटों के लिए अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग और योग्यता में सुधार का महत्वपूर्ण मौका प्रदान करता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रतियोगिता से न केवल झारखंड बल्कि पूरे भारत को लाभ होगा क्योंकि घरेलू मैदान पर खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। ज्ञातव्य है कि रांची पहले भी ईस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और 64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की सफल मेजबानी कर चुका है।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## तुरंत मदद जरूरी

कई दशकों की सबसे बड़ी विनाशकारी बाढ़ की त्रासदी झेल रहे पंजाब में जन-धन की व्यापक क्षति हुई है। खेतों में खड़ी फसलें ही नष्ट नहीं हुई हैं बल्कि खेतों की उर्वरता की भी हानि हुई है। लेकिन जिस गति से उत्तर भारतीय राज्यों को बाढ़ ने अपनी चपेट में लिया है, उसको लेकर राहत की तत्काल प्रतिक्रिया केंद्र सरकार की तरफ से नजर नहीं आती। फिलहाल पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विनाशकारी बाढ़ की चपेट में हैं। विनाशकारी बाढ़ ने व्यापक पैमाने पर फसलों को तबाह किया, घरों को तहस-नहस किया, पशु धन की बबार्दी हुई है और बाढ़ के पानी ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को तहस-नहस कर दिया है। इस आसमानी आफत के सामने लोग लाचार व असहाय नजर आ रहे हैं। नागरिक इस संकट के वक्त में शासन से जिस सहानुभूति और निर्णायक मदद की कार्रवाई की उम्मीद कर रहे थे, उसके बजाय नौकरशाही की सुस्ती और नाममात्र की घोषणाओं ने उन्हें निराश किया है। इस संकट की घड़ी में वे तंत्र की काहिली बर्दाश्त करने को तैयार नहीं हैं। इसमें दो राय नहीं है कि पंजाब पहले ही कृषि संकट से जूझ रहा था। लेकिन बाढ़ की तबाही ने उसके बड़े उपजाऊ क्षेत्र के संकट को और गंभीर बना दिया है। किसानों को अब सामान्य स्थिति बहाल करने में सालों लग जाएंगे। इसी तरह हिमाचल लगातार दूसरे वर्ष भी अतिवृष्टि जनित व्यापक तबाही की मार झेल रहा है। आपदाग्रस्त हिमाचल में सड़कों का ताना-बाना बिखर गया है। बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि ने व्यापक जन-धन की हानि की है। राज्य अभी बीते वर्ष की आपदा के जख्मों से उबरा नहीं था कि इस साल अतिवृष्टि ने भयावह तबाही का मंजर पैदा कर दिया। तमाम इलाकों से भूस्खलन और तबाही की खबरें आ रही हैं। राज्य ढहे पुलों और फंसे पर्यटकों के संकट से जूझ रहा है। इससे इस संवेदनशील पहाड़ी राज्य की अर्थव्यवस्था भी खतरे में पड़ गई है। इसी तरह हरियाणा के अनेक गांव मुख्य भू-भाग से कट गए हैं। सड़कें नष्ट हुई हैं और मवेशी बह गए हैं। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटनाओं और बाढ़ ने व्यापक जन-धन की हानि की है। बाढ़ ने हजारों लोगों को विस्थापित कर दिया है। जिसके चलते राज्य का नाजुक सामाजिक और आर्थिक ताना-बाना बिगड़ गया है। केंद्र सरकार आपदा राहत की अनुग्रह राशि के चेक देकर और राहत से जुड़े बयानों तक सीमित नहीं रह सकती। इन राज्यों में विनाश के स्तर को देखते हुए तत्काल और ठोस हस्तक्षेप करने की जरूरत है। वक्त की मांग है कि इन क्षेत्रों के लिये विशेष राहत पैकेज की घोषणा हो। आपदा राहत निधि का त्वरित वितरण किया जाए। इसके साथ ही जरूरी है कि पीड़ित परिवारों को तुरंत सीधा वित्तीय हस्तांतरण किया जाए। यदि समय रहते ऐसे कदम नहीं उठाए जाते तो जनाकांक्षाओं के साथ छल ही होगा। केंद्र सरकार को राज्य पर सिर्फ जिम्मेदारी थोपते हुए ऋण को केंद्रीयकृत करने की अपनी प्रवृत्ति को त्यागना होगा। बाढ़ से बेहाल हुए पंजाब को राहत देने के लिये पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य के बकाया साठ हजार करोड़ रुपये की मांग की है। निस्संदेह, जब पंजाब बाढ़ के गंभीर संकट से जूझ रहा है तो केंद्र से तत्काल सहायता पाना उसका हक बनता है। इसके साथ ही यहां यह भी जरूरी है कि केंद्र व राज्य सरकार आपस में संवादहीनता की स्थिति को खत्म करें। दोनों सरकारें स्वीकार करें कि बाढ़ का संकट गंभीर है और लोगों को राहत पहुंचाना दोनों सरकारों की प्राथमिकता बने। इस संकट की घड़ी से उबरने के लिये राजनीतिक मतभेदों को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है। निस्संदेह, केंद्र सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावितों के लिये तत्काल मदद के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करने की जरूरत है। बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास, शीघ्र जल निकासी और राज्य सरकार और गैर सरकारी संगठनों के मजबूत समन्वय के लिए तत्काल आर्थिक सहायता की जरूरत है। इस संकट की घड़ी का मुकाबला सभी पक्षों के तालमेल व ईमानदार प्रयासों से ही संभव हो सकेगा।

## उम्मीदों की चिप

भारत ने टेक क्रांति की तरफ बढ़ते हुए पहला पूर्णतः स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित कर लिया है। इसरो की सेमीकंडक्टर लैब इस कामयाबी की साक्षी बनी है। पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं। जिनमें से एक पंजाब के मोहाली में स्थित है। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले चिप क्षेत्र में भारत की यह दस्तक उत्साह जगाने वाली है। भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है। फिलहाल आधुनिक समय की इस जादुई चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। यहां तक कि छोटा-सा देश ताइवान दुनिया के लगभग साठ फीसदी से ज्यादा सेमीकंडक्टर का उत्पादन कर रहा है। जिसमें करीब नब्बे फीसदी उन्नत सेमीकंडक्टर शामिल हैं। दरअसल, कोविड संकट के बाद आधुनिक तकनीक व उन्नत उपकरणों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर होड़ पैदा हो गई है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बना सकते हैं। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिये डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिये जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार पचास फीसदी पूंजीगत सहायता दे रही है। वहीं राज्य सरकारें कुल परियोजना लागत का बीस फीसदी प्रोत्साहन दे रही हैं। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है। सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा भी कि सरकार इस मिशन और उसको तैयार करने से जुड़ी डीएलआई योजना के अगले फेज पर काम कर रही है। निश्चित रूप से केंद्र के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल,राउटर, कार, सैटलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# जंक फूड को ना, पोषण को कहें हां

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है ह्यबेहतर जीवन के लिए सही भोजन करेंह्ल जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने की आदतों के महत्व पर जोर देता है। दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं।

भारत में प्रतिवर्ष लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से 01 से 07 सितम्बर के बीच ह्यराष्ट्रीय पोषण सप्ताहह्ल मनाया जाता है। भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और पोषण बोर्ड प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ इसका आयोजन करता है, जो पूरे सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करती है। 2025 के

**योगेश कुमार गोयल**

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है ह्यबेहतर जीवन के लिए सही भोजन करेंह्ल जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने की आदतों के महत्व पर जोर देता है। दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को पोषण प्रदान करता है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को शरीर को पोषण देने वाली खानपान की चीजों के बारे में जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल, स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत द्वारा बेहतर कार्य करने के बावजूद लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता के अभाव के चलते रोगियों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जो उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहुत भारी पड़ रहा है। पोषण के महत्व को समझते हुए लोगों को खानपान, पोषण की पूर्ति और सेहत को लेकर जागरूक करने के लिए मार्च 1975 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाए जाने की घोषणा सर्वप्रथम ह्यअमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशनह्ल द्वारा की गई थी, जिसे अब ह्यन्यूट्रिशन एंड डाइट साइंस एकेडमीह्ल के नाम से जाना जाता है। 1980 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह के बजाय पूरे एक माह तक मनाया जाने लगा लेकिन 1982 में निर्णय लिया गया कि इसे पूरे एक महीने के बजाय सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में ही मनाया जाएगा। तभी से 01 से 07 सितम्बर तक ह्यराष्ट्रीय पोषण सप्ताहह्ल मनाया जा रहा है। पोषण सप्ताह के अवसर पर लोगों को शरीर को पोषण देने वाले फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को आजमाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुपोषण का मनुष्य के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी और आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या भी उत्पन्न होती है। पोषण स्वास्थ्य और कल्याण का केन्द्र बिंदु है, जो कार्य करने के लिए शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है और तंदुरुस्त एवं बेहतर महसूस करने में भी मददगार होता है। पर्याप्त पोषण का सेवन करने वाले व्यक्ति अधिक कार्य करते हैं जबकि खराब पोषण प्रतिरक्षा में कमी, बीमारी के जोखिम को बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास को क्षीण करने तथा कार्यक्षमता में कमी पैदा करने का कार्य करता हैं। अच्छे पोषण का उत्पादकता, आर्थिक विकास तथा अंततः राष्ट्रीय विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और अच्छा पोषण लोगों को स्वस्थ बनाए रखते हुए स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी करता है। इसीलिए नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ अच्छे पोषण को अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पोषण का संबंध शरीर की आवश्यकतानुसार आहार के सेवन को माना गया है और कुपोषण को अपर्याप्त या असंतुलित आहार द्वारा खराब पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है।

अच्छे पोषण से स्वस्थ बच्चे बेहतर तरीके से सीखते हैं लेकिन आज के दूषित खानपान और फास्ट फूड वाली जीवनशैली में कुपोषण खासकर विकासशील देशों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। एक अनुमान के अनुसार दुनियाभर में एक तिहाई से भी ज्यादा बच्चों की मृत्यु में कुपोषण का बड़ा योगदान है और पूरी दुनिया में हर तीन कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है। भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए 8 मार्च 2018 को पोषण अभियान भी शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खासतौर से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना था और वर्ष 2022 के अंत तक देश से कुपोषण खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पोषण अभियान फंड के इस्तेमाल में जिस तरह की उदासीनता देखी जाती रही है, उसे देखते हुए यह लक्ष्य हासिल करना अभी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है। नीति आयोग की चौथी प्रगति रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि देश के 23 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों ने तो इस मद में आधे से भी कम फंड का इस्तेमाल किया। यदि हम वाकई देश को कुपोषण मुक्त राष्ट्र का दर्जा देना चाहते हैं तो उदासीनता की इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा। हमारे भोजन में रंग और खुशबू देने वाले रासायनिक पदार्थ जैसे कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो पोषक तत्व नहीं होते लेकिन कार्बोज, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज लवण, पानी इत्यादि प्रमुख पोषण तत्व हैं। यदि ये पोषण तत्व हमारे भोजन में उचित मात्रा में विद्यमान न हों, तो हमारा शरीर अस्वस्थ हो जाएगा। भोजन के वे सभी तत्व, जो शरीर में आवश्यक कार्य करते हैं, पोषण तत्व कहलाते हैं। ये आवश्यक तत्व जब हमारे शरीर की आवश्यकतानुसार सही अनुपात में उपस्थित होते हैं, तब उसे सर्वोत्तम पोषण या समुचित पोषण की संज्ञा दी जाती है लेकिन जब पोषक तत्व शरीर में सही अनुपात में विद्यमान नहीं होते या उनके बीच में असंतुलन होता है तो वह कुपोषण कहलाता है यानी अधिक पोषण या कम पोषण दोनों को ही कुपोषण कहा जाता है। कम पोषण का अर्थ है आहार में किसी एक या एक से अधिक पोषण तत्वों की कमी और अधिक पोषण का अर्थ है एक या अधिक पोषक तत्वों की भोजन में अधिकता। शरीर में पोषक तत्वों की अधिकता और कमी दोनों ही समान रूप से हानिकारक हैं, शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भोजन में उचित मात्रा में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति होनी चाहिए। पोषक तत्वों के संतुलन और असंतुलन को इसी से समझा जा सकता है कि जब कोई व्यक्ति एक दिन में ऊर्जा खपत से अधिक ऊर्जा ग्रहण करता है तो वह वसा के रूप में शरीर में एकत्र हो जाती है, जिससे व्यक्ति मोटापे का शिकार हो सकता है। पौष्टिक भोजन स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण आधारशिला है और अच्छे पोषण के लिए जरूरी है कि फास्ट फूड के बजाय घर में बने पारंपरिक और पौष्टिक आहार के सेवन को ही प्राथमिकता दें, मुख्य आहार के स्थान पर स्नैक्स का सेवन करने से बचें, चीनी और अस्वस्थ प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित मात्रा में करें, खाने से पहले फल-सब्जियों को अच्छी तरह से धोएं और यथासंभव कच्चे फल-सब्जियों का सेवन करें क्योंकि पकाने से कई पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, कम से कम प्रसंस्करण आहार के साथ ताजा भोजन अवश्य करें।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# अमेरिकी टैरिफ, मजबूत भारत, इक्विटी बाजार की आत्मनिर्भरता और नए बाजार

एक ऐसा भारत जो निवेशकों के भरोसे से मजबूत है और अपनी घरेलू क्षमता से टिकाऊ वृद्धि की राह पर बढ़ रहा है। वस्?तुतः दो सितंबर 2025 को जारी एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च की रिपोर्ट में साफ कहा गया कि अमेरिकी टैरिफ का भारतीय इक्विटी बाजार पर कोई बड़ा असर नहीं होगा। रिपोर्ट के अनुसार बीएसई-500 की सूचीबद्ध कंपनियों में से चार प्रतिशत से भी कम कंपनियाँ अमेरिकी निर्यात पर निर्भर हैं।

अमेरिका द्वारा भारत से निर्यातित वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाए जाने की घोषणा वैश्विक स्तर पर एक बड़ी खबर रही। आम तौर पर ऐसे कदम किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था को गहरे स्तर पर प्रभावित कर सकते हैं। व्यापारिक रिश्तों में तनाव, कंपनियों की आय पर दबाव और विदेशी निवेशकों की सतर्कता, ये सभी ऐसे हालात में सामने आते हैं, किंतु भारतीय इक्विटी बाजार ने इस निर्णय पर जिस संतुलित और आत्मविश्वासी ढंग से प्रतिक्रिया दी है, वह आज की नई आर्थिक हकीकत को सामने लाती है। इसे देखते हुए यही कहना होगा कि अब भारत केवल बाहरी कारकों पर निर्भर नहीं है, वह अपने भीतर ऐसी ताकतें

**डॉ. मयंक**

पैदा कर चुका है जो उसे वैश्विक झटकों से बचाने में सहायक हैं। यही बदलते भारत की कहानी है, एक ऐसा भारत जो निवेशकों के भरोसे से मजबूत है और अपनी घरेलू क्षमता से टिकाऊ वृद्धि की राह पर बढ़ रहा है। वस्?तुतः दो सितंबर 2025 को जारी एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च की रिपोर्ट में साफ कहा गया कि अमेरिकी टैरिफ का भारतीय इक्विटी बाजार पर कोई बड़ा असर नहीं होगा। रिपोर्ट के अनुसार बीएसई-500 की सूचीबद्ध कंपनियों में से चार प्रतिशत से भी कम कंपनियाँ अमेरिकी निर्यात पर निर्भर हैं। इसका मतलब है कि व्यापक स्तर पर भारतीय कॉरपोरेट जगत की कमाई पर इन टैरिफ का सीधा प्रभाव न के बराबर है। यही नहीं, फार्मास्यूटिकल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र को इन टैरिफ से छूट दी गई है, जिससे भारत की सबसे प्रतिस्पर्धी और वैश्विक स्तर पर सबसे मान्यता प्राप्त उद्योग शाखा सुरक्षित बनी हुई है। स्पष्ट है कि इस कदम से भारतीय बाजार को झटका भले लगा हो, लेकिन उसकी जड़ें हिलाने वाली स्थिति नहीं बनी। असल में भारतीय इक्विटी बाजार की असली ताकत अब घरेलू निवेशकों की बढ़ती भागीदारी है। पहले विदेशी संस्थागत निवेशक यानी एफआईआई भारतीय बाजार का मूड तय करते थे। उनकी भारी खरीद या बिकवाली से बाजार झूल जाता था। लेकिन बीते कुछ वर्षों में तस्वीर बदल गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने लगभग 71.6 अरब डॉलर का निवेश किया, जिसमें से करीब 55 अरब डॉलर सिर्फ म्यूचुअल फंड्स से आए। दूसरी ओर, विदेशी निवेशकों ने इसी दौरान लगभग 15.6 अरब डॉलर की बिकवाली की। इसके बावजूद बाजार स्थिर बना रहा। जुलाई 2025 में घरेलू म्यूचुअल फंडों में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से 28,464 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश हुआ। यह आँकड़ा दशार्ता है कि भारतीय बचत और निवेश की धाराएँ अब देश के पूँजी बाजार को संभालने में सक्षम हो चुकी हैं। यही कारण है कि अमेरिकी टैरिफ या विदेशी निवेशकों की बिकवाली का असर सीमित रहा। यहां रिपोर्ट यह भी बताती है कि भारतीय बाजार के लिए नौ में से पाँच प्रमुख जोखिम कारकों में सुधार हो रहा है। इनमें मुद्रास्फीति का थमना, सरकारी कर प्रोत्साहन, उपभोग की संभावनाओं में बढ़ो?तरी और वेतन वृद्धि की उम्मीदें शामिल हैं। मुद्रास्फीति का थमना सबसे अहम है, क्योंकि यह सीधे उपभोक्ता की क्रय शक्ति को बढ़ाता है। जब रोजमर्रा की जरूरतों पर खर्च कम होता है, तो उपभोक्ता अन्य वस्तुओं और सेवाओं पर अधिक खर्च कर सकता है। इससे खपत बढ़ती है और कंपनियों की बिक्री तथा मुनाफे पर सकारात्मक असर पड़ता है। हालाँकि एचएसबीसी ने यह भी चेतावनी दी है कि 2025 में आय वृद्धि घटकर 8झ्र9 प्रतिशत रह सकती है, जबकि कैलेंडर वर्ष के लिए यह अनुमान 11 प्रतिशत का है। यह विरोधाभासी तस्वीर बताती है कि चुनौतियाँ अब भी बनी हुई हैं। टैरिफ का असर वास्तव में कितना बड़ा है, इसे समझने के लिए आँकड़ों पर नजर डालना आवश?यक है। भारत का अमेरिकी निर्यात लगभग 81 अरब डॉलर का है, जो सकल घरेलू उत्पाद का करीब 2.1 प्रतिशत है। अतिरिक्त टैरिफ का असर जीडीपी वृद्धि पर लगभग 0.3 प्रतिशत अंक तक हो सकता है। यह निश्चित रूप से अप्रिय है लेकिन किसी बड़ी तबाही जैसा नहीं। इसका सबसे अधिक दबाव टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी और समुद्री उत्पाद जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर होगा। ये क्षेत्र न केवल निर्यातक हैं बल्कि बड़ी संख्या में रोजगार भी प्रदान करते हैं। इसलिए वहाँ पर चिंताएँ अधिक गंभीर हैं। इसके विपरीत, फार्मा और स्मार्टफोन जैसे सेक्टर को छूट मिलने से यह स?पष्ट है कि अमेरिका की नीति पूरी तरह से व्यापक नहीं है, बल्कि ह्लसर्जिकलह्व है, जहाँ दबाव डालना है वहाँ टैरिफ लगाया गया और जहाँ अमेरिका की अपनी सप्लाई-चेन निर्भर है, वहाँ राहत दी गई। यदि व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो यह पूरी स्थिति भारत के आर्थिक लचीलेपन को दशार्ती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की विकास दर 2025 और 2026 दोनों वर्षों के लिए 6.4 प्रतिशत आँकी है। विश्व बैंक ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था करार दिया है। मूडीज और एसएंडपी जैसी रेटिंग एजेंसियों ने भी भारत की साख को स्थिर बनाए रखा है। ये सभी टिप्पणियाँ इस बात का संकेत हैं कि वैश्विक संस्थाएँ भारत को अब एक विश्वसनीय और दीर्घकालिक निवेश गंतव्य मानती हैं। भारतीय इक्विटी बाजार की तुलना अगर चीन से की जाए तो एक दिलचस्प समानता सामने आती है। चीन का बाजार भी स्थानीय निवेशकों से संचालित है और वहाँ भी विदेशी भागीदारी सीमित है। लेकिन चीन की नीतिगत अपारदर्शिता और भू-राजनीतिक जोखिमों ने विदेशी निवेशकों को सतर्क बना दिया है। इसके विपरीत, भारत का लोकतांत्रिक ढाँचा, पारदर्शी नीतियाँ और आईटी तथा सेवाक्षेत्र की बढ़त उसे निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाती हैं। यही कारण है कि एचएसबीसी ने भी माना कि भारतीय और चीनी दोनों बाजार एक साथ अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन भारत की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत है। अमेरिकी टैरिफ या किसी भी बाहरी दबाव के बीच भारत की यह मजबूती केवल आर्थिक कहानी नहीं है। यह उस आत्मनिर्भरता की ओर इशारा है जिसकी चर्चा पिछले कुछ वर्षों से लगातार होती रही है। सरकार की प्रोत्साहन योजनाएँ, डिजिटल और हरित ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम और घरेलू निवेशकों का भरोसा मिलकर भारत को एक नई आर्थिक स्थिरता दे रहे हैं। फिर भी आज की सच्चाई यही है कि भारतीय इक्विटी बाजार अब वैश्विक झटकों का केवल शिकार नहीं रहा। वस्तुतः कहना होगा कि अमेरिकी टैरिफ इसका हालिया उदाहरण है। इस निर्णय ने भारत के बाजार को हिलाया नहीं, बल्कि उसकी लचीलापन और आत्मनिर्भरता को और उजागर किया है। निवेशकों का भरोसा, बचतों की मजबूत धारा और नीतिगत स्थिरता भारत को उस मुकाम पर पहुँचा रही है जहाँ वह वैश्विक ताकतों की चालों से डरने के बजाय अपने दम पर आगे बढ़ सकता है। इसके साथ ही इस नई चुनौती का सामना करने के लिए मोदी सरकार ने विश्व के नए 40 बाजार और खोज लिए हैं, जल्द ही यहां भारतीय माल की खपत आरंभ कर दी जाएगी, स्वभाविक है कि इससे जो रोजगार पैदा होंगे वह वर्तमान से बहुत अधिक होंगे।

# संकटमोचन हनुमान को चढ़ाएं सरसों का तेल, खत्म होंगी हर समस्याएं

लोहनुमान जी की पूजा में चमेली के तेल और सिंदूर का प्रयोग किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि शनिदेव की तरह हनुमान जी को भी सरसों का तेल अर्पित किया जाता है। बता दें कि हनुमान जी को सरसों का तेल चढ़ाने का विशेष महत्व होता है। यह उपाय उन लोगों के लिए अधिक फायदेमंद होता है, जो शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या से परेशान हैं। माना जाता है कि हनुमान जी को सरसों का तेल चढ़ाने से शनिदेव की भी कृपा मिलती है और बुरे प्रभावों को कम करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि हनुमान जी को सरसों का तेल कब और कैसे अर्पित करना चाहिए।



**कब और कैसे चढ़ाएं सरसों का तेल**

मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी को सरसों का तेल चढ़ाना सबसे उत्तम माना जाता है। क्योंकि मंगलवार का दिन हनुमान जी का है और शनिवार का दिन शनिदेव का है। ऐसे में इस दिन हनुमान जी को सरसों का तेल अर्पित करने से शनि की पीड़ा और जीवन में आने वाली अन्य समस्याओं का अंत होता है। मंगलवार या शनिवार के दिन सबसे पहले सुबह स्नान आदि करने के बाद साफ कपड़े पहनें। फिर पूजा के लिए हनुमान जी की मूर्ति लें और एक दीपक में सरसों का तेल लें। अगर संभव हो तो दीपक मिट्टी का ले लें। इसके अलावा थोड़ा सा तेल हनुमान जी के शरीर पर लगाएं। इस दौरान आप 'ॐ श्री हनुमते नमः' और 'ॐ हनुमते नमः' मंत्र का जाप करें। हनुमान जी को तेल अर्पित करने के बाद सुंदरकांड, बजरंग बाण या हनुमान चालीसा का पाठ करें। वहीं पूजा समाप्त होने के बाद चने और गुड़ का प्रसाद हनुमान जी को अर्पित करें।

**हनुमान जी को सरसों का तेल चढ़ाने के लाभ**

बता दें कि हनुमान जी को सरसों का तेल चढ़ाने के कई लाभ मिल सकते हैं। यह उपाय उन लोगों के लिए विशेषरूप से फायदेमंद साबित हो सकता है, जो शनि की महादशा, साढ़ेसाती या फिर ढैय्या से पीड़ित हैं। ऐसे में इस उपाय को करने से शनिदेव की क्रूर दृष्टि शांत होती है। वहीं यह उपाय जीवन में आने वाले दुखों, बाधाओं और परेशानियों को भी दूर करता है। माना जाता है कि हनुमान जी को सरसों का तेल अर्पित करने से निगेटिव एनर्जी दूर होती है और जातक को सफलता, शक्ति और साहस मिलता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## विजेता टीम को जिला परिषद् उपाध्यक्ष ने किया सम्मानित



**रामगढ़ :** प्रखंड के अंतर्गत कड़बिंधा मैदान में रविवार को तीन दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल के द्वारा खेल का उद्घाटन किया गया . खेल समाप्ति के बाद उन्होंने विजेताओं टीम को₹50000 नगद देकर केरबानी दुमका टीम को सम्मानित किया. खेल प्रतियोगिता में प्रखंड प्रमुख बाबूलाल मुर्मू के अतिरिक्त बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे.

## डोमचांच- जयनगर थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज



**कोडरमा :** चंदवारा थाना क्षेत्र में निलंबित सिपाही मंसूर आलम की आत्महत्या मामले ने पुलिस महकमे में भूचाल ला दिया है। इस प्रकरण में डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव, जयनगर थाना प्रभारी बबलू सिंह, सपही पिकेट प्रभारी रमेश मरांडी और एसआई अरबिंद हांसदा पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा है। चंदवारा थाना में कांड संख्या 76/25 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मामले के सामने आने के बाद पूरे जिले के पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और जांच शुरू कर दी गई है। इधर, शनिवार को कोडरमा साझा मंच का एक शिष्टमंडल उपायुक्त ऋतुराज से मिला और दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई के साथ पीड़ित परिजनों को उचित मुआवजा बालिक पुत्र को नौकरी की मांग की है. प्रतिनिधिमंडल ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने की मांग रखी। उपायुक्त ने इस पर गंभीरता दिखाते हुए अपर समाहर्ता पूनम कुजूर की निगरानी में जांच रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया है। बैठक में अंजुमन फाउंडेशन के अध्यक्ष खालिद खलील, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, समाजसेवी असीम सरकार, कांग्रेस नेता मनोज सहाय पिंकू, बसपा जिलाध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। इस घटना ने पूरे जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## आरपीएफ स्टेशन में घूम रहे दो बच्चों को किया बरामद



**साहिबगंज :** बरहरवा आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में बीते दिन मालदा रेलवे डिविजन अंतर्गत बाकुड़ी रेलवे स्टेशन से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो नाबालिक लड़का जो 14 वर्ष की लड़की और 17 वर्ष यह लड़का से पूछताछ के दौरान बाल मंथन संस्थान को सौंप दिया गया।इस संदर्भ में आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि रेलवे स्टेशन में घूम रहे संदिग्ध रूप से उक्त दोनों 14 वर्ष और 17 वर्ष की किशोर नाबालिग से पूछताछ के दौरान बताया कि परिवार में किसी बात को लेकर मतभेद के कारण दोनों किशोर अपने परिवार को छोड़कर बगैर किसी लक्ष्य के निकल चुके थे।और बाकुड़ी रेलवे स्टेशन पहुंच गए थे। कमजोर स्थिति को देखते हुए आरपीएफ टीम ने सुरक्षित रूप से बच्चे को बचाया और उन्हें आवश्यक कार्रवाई के लिए आरपीएफ पोस्ट बरहरवा भेज दिया गया।इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरा होने के बाद दोनों नाबालिकों को परामर्श और पुनर्वास के लिए बाल संस्थान मंथन साहिबगंज को सौंप दिया गया।

## राज्य स्तरीय खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता फुटबॉल के लिए जिले से 09 खिलाड़ी रांची रवाना



**साहिबगंज :** खेल कूद एवम युवा कार्य निदेशालय, झारखंड रांची के द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित आवासीय व सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त पदों हेतु जिला स्तरीय प्रतिभा खोज चयन प्रतियोगिता से चयनित फुटबॉल खेल विद्या के कुल 09 बालक खिलाड़ी 6 से 7 अक्टूबर तक होटवार, रांची स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतिभा खोज फुटबॉल में भाग लेने के लिए साहिबगंज से बस द्वारा रवाना हुए। सभी प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष ने शुभकामना दी। इस मौके पर खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, प्रशिक्षक योगेश यादव, जिम ट्रेनर गौरव झा समेत अन्य मौजूद थे।फुटबॉल बालक खिलाड़ी 10 से 14 वर्ष ब्लेसिंग टुडू, मुनकुच हांसदा, सैमुएल हेंब्रम, बड़ा लालू किस्कू, रोहित मुर्मू , जेवियार सोरेन 16 से 22 वर्षसानू हेंब्रम, इश्तियाक शेख सहित अन्य उपस्थित थे।

# शरद पूर्णिमा के दिन इस विधि से लक्ष्मी पूजन करने से हो सकती है धन की प्राप्ति : पंडित रंजन झा

संवाददाता

**साहिबगंज :** शरद पूर्णिमा को लेकर जिला सहित आसपास क्षेत्र स्थित गंगा नदी में भक्तों के द्वारा गंगा स्नान करते नजर आए इस दिन ज्योतिष के अनुसार पूरे वर्ष में केवल इसी दिन चन्द्रमाँ सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। हिन्दू धर्म में इस दिन कोजागर व्रत माना गया है। इसी को कौमुदी व्रत भी कहते हैं। इसी दिन श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। पंडित रंजन झा का कहना है कि शरद पूर्णिमा के रात्रि को चन्द्रमा की किरणों से अमृत झड़ता है तभी तो इस दिन उत्तर भारत में खीर बनाकर रात भर चाँदनी में रखने का विधान है एवं प्रसाद के रूप में लेते हैं। एक साहूकार के दो पुत्रियाँ थी। दोनों पुत्रियाँ पूर्णिमा का व्रत रखती थी। बड़ी पुत्री पूरा व्रत करती थी परंतु छोटी पुत्री अधूरा व्रत करती थी। परिणाम यह हुआ कि छोटी पुत्री की सन्तान के जन्म होते ही मर जाती थी। उसने पण्डितों से इसका कारण पूछा तो उन्होंने बताया की तुम पूर्णिमा का अधूरा व्रत करती थी जिसके कारण तुम्हारी सन्तान का जन्म होते ही मर जाती है। पूर्णिमा का पूरा विधिपूर्वक व्रत करने से तुम्हारी सन्तान



जीवित रह सकती है।उसने पण्डितों के परामर्श पर पूर्णिमा का पूरा व्रत विधिपूर्वक किया। उसके लड़का हुआ परन्तु शीघ्र ही मर गया। उसने लड़के को पीढे पर लिटाकर ऊपर से कपड़ा ढक दिया। फिर बड़ी बहन को बुलाकर लाई और बैठने के लिए वही पीढा दे दिया। बड़ी बहन जब पीढे पर बैठने लगी जो उसका घाघरा बच्चे का छू गया। बच्चा घाघरा छूते ही रोने लगा। बड़ी बहन बोली-तू मुझे कलंक लगाना चाहती थी। मेरे बैठने से यह मर जाता।तब छोटी बहन बोली, यह तो पहले से मरा हुआ था। तेरे ही भाग्य से यह जीवित हो गया है। तेरे पुण्य से ही यह जीवित हुआ है। फिर नगर में उसने पूर्णिमा का पूरा व्रत करने का ढिंढोरा पिटवा दिया। इस दिन मनुष्य विधिपूर्वक स्नान करके उपवास रखे और जितेन्द्रिय भाव से रहे। धनवान व्यक्ति ताँबे अथवा मिट्टी के कलश पर वस्त्र से ढँकी हुई स्वर्णमयी लक्ष्मी की प्रतिमा को स्थापित करके भिन्न-भिन्न उपचारों से उनकी पूजा करें, तदनंतर सायंकाल में चन्द्रोदय होने पर सोने चाँदी अथवा मिट्टी के घी से भरे हुए एक सौ दीपक जलाए। फिर घी मिश्रित खीर बनायें और बहुत-से पात्रों में डालकर उसे चन्द्रमाँ की चाँदनी में रखें। जब एक प्रहर तीन घंटे बीत जाएँ, तब लक्ष्मीजी को सारी खीर अर्पण करें। तत्पश्चात भक्तिपूर्वक निर्धनों और दीन-बन्धुओं को इस प्रसाद रूपी खीर का भोजन कराएँ और उनके साथ ही माङ्गलिक गीत गाकर और मङ्गलमय कार्य करते हुए रात्रि जागरण करें। तदनन्तर अरुणोदय काल में स्नान करके लक्ष्मीजी की वह स्वर्णमयी प्रतिमा किसी दीन दुःखी को अर्पित करें। इस रात्रि की मध्यरात्रि में देवी महालक्ष्मी अपने कर-कमलों में वर और अभय लिए संसार में विचरती हैं।और मन ही मन संकल्प करती हैं कि इस समय भूतल पर कौन जाग रहा है? जागकर मेरी पूजा में लगे हुए उस मनुष्य को मैं आज धन दूँगी।इस प्रकार प्रतिवर्ष किया जाने वा तयला यह कोजागर व्रत लक्ष्मीजी को संतुष्ट करने वाला है। इससे प्रसन्न हुई माँ लक्ष्मी इस लोक में तो समृद्धि देती ही हैं और शरीर का अन्त होने पर परलोक में भी सद्गति प्रदान करती हैं।

# कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से चौकीदार नियुक्ति परीक्षा संपन्न



संवाददाता

**दुमका :** जिला अंतर्गत चौकीदार नियुक्ति परीक्षा -2025, रविवार को 18 परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया गया 'चौकीदार नियुक्ति हेतु आयोजित परीक्षा के कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन हेतु उपायुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर जाकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों से परीक्षा संचालन की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का आयोजन सुनिश्चित करें ' सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा सुचारु रूप से एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजी (अल्ल२द्वी१ डी८) जिला दुमका की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उत्तर कुंजी से संबंधित यदि किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति या शिकायत हो तो वह उसे दिनांक 6 अक्टूबर 2025 की संध्या 5:00 बजे तक जिला सामान्य शाखा, दुमका को भेज सकते हैं।

# झुमरी तिलैया में संघ शताब्दी वर्ष पर ऐतिहासिक पथ संचलन

मेट्रो रेज संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर झुमरी तिलैया नगर में भव्य पथ संचलन आयोजित किया गया। ग्रैंड सूर्या होटल से प्रारंभ होकर विराज होटल तक लगभग 3 किलोमीटर लंबे मार्ग में मातृशक्ति की अद्भुत सहभागिता देखी गई। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति झारखंड प्रांत सह प्रमुख योगाचार्य सुषमा सुमन के नेतृत्व में नौ टोली बनाई गई थी। नगर के विभिन्न चौकों पर बहनों ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा की और ह्लभारत माता की जयह्व, ह्लजय श्रीरामह्व तथा ह्लगर्व से कहो हम हिंदू हैंह्व जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।कार्यक्रम की अध्यक्षता योगाचार्य सुषमा सुमन एवं संरक्षक गायत्री देवी व मंजू बरनवाल ने की। पतंजलि परिवार, विश्व हिंदू परिषद, स्वदेशी जागरण मंच, मोदी बरनवाल समाज सहित कई संगठनों का सहयोग रहा। सुषमा सुमन ने कहा कि संघ के सौ वर्ष हिंदू सनातन धर्म की एकता और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं, और अब समय है कि सभी हिंदू एक मंच पर आकर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प लें। इस आयोजन में 200 से अधिक बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## अज्ञात वाहन के चपेट में आकर दो की मौत, एक घायल

संवाददाता

**जामा :** दुमका-भागलपुर मुख्य सड़क पर जामा थाना क्षेत्र के बैसा चौक के पास शनिवार के देर रात अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है जिसका ईलाज फूलों झानू मेडिकल कालेज अस्पताल दुमका में चल रहा है।

घटना देर रात 11.30 बजे की बतायी जा रही है। मृतकों की पहचान मुहजोबा गाँव के अजीत मंडल, पिता हेमकांत मंडल एवं पलासी गाँव के विस्वा मंडल, पिता गणेश मंडल के रूप में हुई है जबकि पलासी गाँव के ही गुलशन मुसुप, पिता दिलीप मुसुप घायल है, उसका ईलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गा पूजा के अवसर पर बरा पलासी में मेला लगा था, सभी मेला देखने आएं थे मेला समाप्त होने एवं मूर्ति विसर्जन के बाद तीनों अजीत मंडल के हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक से देर रात रामगढ़ थाना क्षेत्र के गम्हरिया में आयोजित आर्केस्ट्रा देखने जा रहे थे। जैसे ही वे लोग बैसा चौक से आगे गए की विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए। जिसमें दो की घटनास्थल पर ही मौत हों गईं। कल बरापलासी का मेला होने के कारण देर रात तक राहगीरों का आना जाना लगा हुआ था। उन्हीं में से किसी ने रात में ही जामा थाना को इस घटना की जानकारी दी।

जानकारी मिलने पर जामा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक दोनों युवकों का शव थाना लाया और घायल को इलाज के लिए फूलों झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बरकतुल्लाह खान को बधाई दी

संवाददाता

**साहिबगंज :** बरकतउल्ला खान को साहिबगंज जिला कांग्रेस कमेटी के पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला कांग्रेस कार्यालय मे बैठक किया गया।बैठक मे सभी कांग्रेस कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बरकतुल्लाह खान को बधाई दी।वही कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मो कलीमुद्दीन ने कहा कि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान बहुत ही मिलनसार व्यक्ति है।वह हमेशा कांग्रेस के सभी साथियों को साथ लेकर आगे बढ़े हैं।उन्होंने कहा की बरकतुल्लाह खान कांग्रेस के छोटे से छोटे कार्यकताओं के अलावा जिले के गरीब,बेबस,लाचार लोगो की हमेश मदद करते रहे है।श्री कलीमुद्दीन ने बरकतुल्लाह खान को पुनः साहिबगंज कांग्रेस का जिला




अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस पार्टी के आलाकमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,राहुल गांधी,संगठन के महासचिव केशु वेणु गोपाल, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव कुमार कमलेश महतो,झारखंड प्रभारी के राजू,पाकुड़ विधायक निसात आलम,झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनवीर आलम को कांग्रेस कमेटी की ओर से आलाकमान का आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर नगर कांग्रेस के पर्यवेक्षक मोहम्मद कलीमुद्दीन,नगर कांग्रेस के अध्यक्ष सतीश पासवान, बासुकीनाथ यादव, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अखलाख नदीम,उमेश पांडे, अल्पसंख्यक नगर मोर्चा के नगर अध्यक्ष अली कुरेशी, नगर के उपाध्यक्ष आफताब आलम, चिंटू मनीष प्रताप, सूरज पासवान, मोहम्मद मेराज अंसारी, शिवम कुमार ताती, रामप्रकाश, पुरुषोत्तम, सागर मंडल, सबदुल अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बीआरपी-सीआरपी महासंघ की जिला स्तरीय नई कमिटी के गठन

**साहिबगंज :** शिक्षा विभाग के बीआरपी-सीआरपी महासंघ की जिला स्तरीय नई कमिटी के गठन के लिए रविवार को बड़ा पंचगढ़ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सुबह 11 बजे से चुनाव हुआ।चुनाव के लिए पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड प्रदेश बीआरपी-सीआरपी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश गौतम व कोषाध्यक्ष अशोक पाल मौजूद थे।इस दौरान शांति पूर्व एवं निष्पक्ष तरीके से जिला इकाई का गठन किया गया।जिसमें मोहम्मद फैसल अफरोज को सर्वसम्मति से अध्यक्ष,अनुज कुमार को महासचिव एवं मोहम्मद इंतखाब आलम को कोषाध्यक्ष चयनित किया गया।वहीं संजय कुमार सिंह,पुरुषोत्तम दुबे,विवेकानंद भारद्वाज उपाध्यक्ष बनाये गए।

# जानकारी के अभाव में सरकारी लाभ से वंचित हैं मजदूर : राजेंद्र

संवाददाता

**साहिबगंज :** तालझारी प्रखंड के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर महाराजपुर के समीप गांधी चबूतरा में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मंडल अध्यक्षता की अध्यक्षता में हुई।बैठक मे केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।बैठक में संगठन मजबूती विस्तार और स्थानीय जन मुद्दे को लेकर चर्चा हुई।केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव के द्वारा प्रखंड स्तरीय संगठन की समीक्षा की गई।संगठन मे फेर बदल करने के लिए प्रखंड अध्यक्ष को निर्देश दिया।वही अंसार खान के नेतृत्व में मोहम्मद अब्दुल रहमान,मुख्तार अंसारी,मोहम्मद इकरामुल अली को झारखंड मजदूर संघ का सदस्यता दिलाया गया।बैठक में मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी जन वितरण प्रणाली में राशन सामग्री कम वितरण करना मानव तस्करी जिससे कई मुद्दों पर चर्चा हुई।वही राजमहल प्रखंड के करबोला सामुदायिक चबुतरा पर झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक का प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित किया गया।इस बैठक में मुख्य अतिथि मिथुन कुमार यादव ने मजदूरों को मिलने वाले सरकारी लाभों की जानकारी दी।और कहा कि जानकारी के अभाव में मजदूर भाई-




बहन इन लाभों से वंचित रह जाते हैं।उन्होंने संगठन की मजबूती और विस्तार पर जोर दिया और कहा कि मजदूरों का रजिस्ट्रेशन सरकारी पोर्टल पर होना चाहिए और उन्हें न्यूनतम मजदूरी मिलनी चाहिए।बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने करबोला गांव में आंगनबाड़ी का न होना,नल जल योजना के तहत करबोला,भैसमारी मोड़ काजीवाग आदि गांवों में योजना का कोई काम न होना,चिमनी भट्टा रॉयल कम्पनी में बिना किसी परिचय पत्र के मजदूरों से काम करवाना सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया।बैठक मे मिथुन कुमार यादव,प्रखंड अध्यक्ष, दुर्योधन साहा,केंद्रीय सदस्य रवि घोष,जिला उपाध्यक्ष विपिन कुमार पंकज,सुरेन्द्र कुमार,संजीत कुमार सिंह,मोहम्मद हामिद शेख,गौतम कुमार साहा, मुस्तकबिल शेख,तन राय, खुशबु कुमारी, तिलकाई मुर्मू, गंगाराम पंडित, गणेश यादव, धीरेंद्र यादव, शिबू यादव,दिनेश ठाकुर मौजूद थे।



# अक्षय-सैफ की फिल्म में कैमियो करेंगे मोहनलाल

मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन इन दिनों अपनी अपकमिंग हिंदी फिल्म हैवान में व्यस्त हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और सैफ अली खान मुख्य भूमिकाओं में होंगे। एक इंटरव्यू में फिल्म निर्माता ने आखिरकार फिल्म के बारे में एक बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने बताया है कि मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल इस फिल्म में नजर आएंगे। उन्होंने उनके किरदार को लेकर भी बात की है।

### कहानी पर ध्यान देते हैं प्रियदर्शन

हाल ही में बातचीत में प्रियदर्शन से पूछा गया कि क्या वह अक्षय और मोहनलाल के साथ एक पूरी फिल्म बनाने की सोच रहे हैं? इस पर प्रियदर्शन ने कहा अगर आप मुझसे हैवान के बारे में पूछ रहे हैं, तो मोहनलाल उस फिल्म में हैं। हालांकि वह कौन सा किरदार निभा रहे हैं, इस पर मैं अभी कुछ नहीं कहना चाहता। जब भी मैं कोई फिल्म बनाता हूं, तो मुझे कहानी ही उत्साहित करती है। मैं कभी भी कलाकारों के बारे में नहीं सोचता।

### कलाकारों के पीछे नहीं भागते प्रियदर्शन

प्रियदर्शन ने आगे कहा फिल्म बनाने के लिए सबसे पहले स्क्रिप्ट होती है। फिर एक्टर आते हैं। मैं यह नहीं कह सकता कि मैं मोहनलाल और अक्षय कुमार को साथ लेकर फिल्म बनाऊंगा। अगर आप अभिनेता को ध्यान में रखकर फिल्म बनाएंगे तो आपको कभी स्क्रिप्ट ही नहीं मिलेगी। जब भी आपको कोई स्क्रिप्ट मिले, तो सही कलाकारों के पीछे लग जाएं। यही फिल्म बनाने का सही तरीका है।

### हैवान के बारे में

प्रियदर्शन के निर्देशन में अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी वाली अपकमिंग फिल्म हैवान बन रही है। मोहनलाल इसमें कैमियो रोल करेंगे। यह फिल्म मोहनलाल की फिल्म ओप्पम (2016) पर आधारित बताई जा रही है। हैवान ने पहले ही सुर्खियां बटोर ली हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें समुथिरकानी, सैयामी खेर, श्रेया पिलगांवकर, असरानी और ईनार हेराल्डसन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।


# हेरा फेरी 3 फिल्म विवाद पर निर्देशक प्रियदर्शन ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड की पॉपुलर फेंचाइजी हेरा फेरी की आगामी फिल्म हेरा फेरी 3 का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। बीते महीनों इस फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ था, जिसकी मुख्य वजह परेश रावल थे, क्योंकि उन्होंने अचानक फिल्म छोड़ने का मन बना लिया था। हालांकि बाद में सब कुछ ठीक हो गया था। इस मामले पर बीते दिनों परेश रावल ने प्रतिक्रिया दी थी। अब इसपर फिल्म निर्माता प्रियदर्शन ने चुप्पी तोड़ी है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा।

मुझे और परेश को कभी कोई समस्या नहीं हुई

हाल ही निर्देशक प्रियदर्शन पिंकविला के साथ बातचीत में शामिल हुए। उन्होंने कहा, 'मुझे और परेश को कभी कोई समस्या नहीं हुई। जहां तक मुझे पता है, अक्षय और परेश को भी कभी कोई दिक्कत नहीं हुई। कुछ और लोग थे, जो परेश पर दबाव बना रहे थे। परेश रावल एक ऐसे इंसान हैं, जैसे आप जानते हैं कि जो लोग डरते हैं कि मैं बीमार हूं और इसे लेकर बहुत ज्यादा परेशान हो जाते हैं। हालांकि समस्या कोई और है। इसलिए वो डरते हैं, लेकिन हमारे रिश्ते पर इसका कोई असर नहीं हुआ।'

आगे बात करते हुए प्रियदर्शन ने बताया, 'अक्षय ने मुझसे कहा, 'प्रिंस सर, अगर ऐसा होता है, तो होने दो। वरना, रहने देते हैं।' बस इतना ही। कुछ लोगों ने इसमें मुश्किलें खड़ी की हैं। उनके बारे में बात करना बेकार है, इसलिए मैं बात नहीं कर रहा। उम्मीद करते हैं कि जिंदगी में अच्छा ही हो। ये फिल्म निर्माण है, इस दुनिया में आपके दुश्मन, दोस्त, प्रशंसक, आलोचक, बहुत कुछ होता है। मैं 40 साल कैसे गुजार पाया, मुझे आज भी नहीं पता।'



# 'कल्कि 2' से बाहर होने के बाद दीपिका का भावुक पोस्ट



**'कल्कि** 2898 एडी' के सीक्वल से बाहर किए जाने की चर्चाओं के बीच अब दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म करने की पुष्टि की है। दीपिका ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की है कि वो शाहरुख खान के साथ 'किंग' में काम कर रही हैं। 'कल्कि 2' से निकाले जाने के बाद यह खबर दीपिका के फैंस के लिए खुशखबरी लाई है। 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल बाहर किए जाने के बाद दीपिका ने पहली बार सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने इस बात को कंफर्म किया कि वो शाहरुख खान के साथ फिर से काम कर रही हैं। दीपिका ने इंस्टाग्राम पर शाहरुख खान का हाथ थामे एक तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर में सिर्फ दोनों के हाथ नजर आ रहे हैं, चेहरा नजर नहीं आ रहा है। इस तस्वीर के साथ ही दीपिका ने एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा है। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'लगभग 18 साल पहले ओम शांति ओम की शूटिंग के दौरान उन्होंने मुझे जो पहला सबक सिखाया, वह यह था कि फिल्म बनाने का अनुभव और आप जिन लोगों के साथ इसे बनाते हैं, वे इसकी सफलता से कहीं ज्यादा मायने रखते हैं। मैं इससे पूरी तरह से सहमत हूं। तब से मैंने अपने हर फैसले में इस सीख को लागू किया है। शायद यही वजह है कि हम साथ में अपनी छठी फिल्म बना रहे हैं?' इस पोस्ट में दीपिका ने किंग का हैशटैग लगाया है। साथ ही शाहरुख खान और 'किंग' के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद को मेंशन भी किया है। साथ ही उन्होंने डे वन लिखा है, जिससे ये साफ होता है कि उन्होंने 'किंग' की शूटिंग शुरू कर दी है।



# होमबाउंड का हर हिस्सा सपने से कम नहीं

**जान्हवी** कपूर, ईशान खट्टर और विशाल जेठवा अभिनीत फिल्म होमबाउंड साल 2026 में ऑस्कर अवॉर्ड्स में नामांकित हो चुकी है। फिल्म को ऑस्कर 2026 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर कैटेगरी के लिए सेलेक्ट किया गया है। इसी खुशी में जान्हवी कपूर ने फिल्म को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। जान्हवी कपूर ने फिल्म होमबाउंड को एक पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, यह फिल्म एक सपने जैसी रही है। इसकी कहानी, लोग, और हमारी टीम के हर सदस्य के लिए इसका खास महत्व रहा है। इस सफर का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत बड़ा इनाम है। शुरू से अब तक, यह फिल्म उन सभी लोगों का उत्सव है जिनकी प्रतिभा, अच्छाई और साहस को मैं बहुत प्यार और सम्मान करता हूं। यह फिल्म और इसका सफर उम्मीद की कहानी है। 26 सितंबर को सिनेमाघरों में! मनीष मल्होत्रा और जोया अख्तर ने जान्हवी कपूर की इस पोस्ट पर लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। नितांशी गोयल ने लिखा, बधाई हो, शनाया कपूर ने लिखा, हे भगवान, एक्टर संजय कपूर ने लिखा, शानदार। इस फिल्म में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म होमबाउंड विदेशों में आयोजित हुए कई प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में प्रदर्शित हो चुकी है। भारत में होमबाउंड 26 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। होमबाउंड एक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन नीरज घायवान ने किया है। यह फिल्म बशारत पीर के 2020 के न्यूयॉर्क टाइम्स के एक लेख पर आधारित है।



# कुब्रा सैत ने राइज़ एंड फॉल में बदली दोस्ती की परिभाषा

हाल ही में राइज़ एंड फॉल के साथ रियलिटी टीवी की दुनिया में कदम रखने वाली कुब्रा सैत लगातार अपने गेमप्ले से सबको प्रभावित कर रही हैं। कई प्रतिभागियों के बीच उन्होंने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। हाल ही में शो में उस समय तनाव बढ़ गया जब आहना कुमरा और कुब्रा सैत के बीच गरमा-गरम बहस हो गई, जिसने उनकी दोस्ती की मजबूती पर सवाल खड़े कर दिए।

बातचीत के दौरान आहना भावुक हो गईं और अपने भीतर की निराशा जताते हुए कहा, हाँ, मुझे एंग्ज़ाइटी है, और मैं उसके बारे में खुलकर बात कर रही हूँ। तो क्या आप सबके सामने मेरे बारे में इस तरह ज़लील करने वाले अंदाज़ में बोलेंगे? हमें भी बुरा लगता है यार, हम भी इंसान हैं। कुछ बातें दिल पर लग जाती हैं। एक दोस्त होने के नाते, मैंने आपसे बेहतर उम्मीद की थी।

कुब्रा ने इस पर सफाई देते हुए कहा, यार, हम आख़िरी बार कब मिले थे आपको याद भी नहीं होगा। क्या आप मुझे दोस्त मानती हैं? मैं आपको अपना सहकर्मी मानती हूँ। आप बहुत आसानी से कह देती हैं कि सब कह रहे हैं आहना आपकी दोस्त है।

रियलिटी शो से इतर भी कुब्रा लगातार अपना बहुमुखी करियर संवार रही हैं। हाल ही में वह अजय देवगन के साथ सन ऑफ सरदार 2 में नज़र आई थीं और अब वह बहुप्रतीक्षित द ट्रायल के दूसरे सीज़न में 'सना' के किरदार के साथ वापसी करने के लिए तैयार हैं।

इससे पहले सुल्तान और रेडी जैसी फ़िल्मों में दिख चुकी कुब्रा को असली पहचान नेटफ्लिक्स की सीरीज़ सेक्रेड गेम्स में 'कुकू' के दमदार किरदार से मिली थी, जिसने उन्हें इंडस्ट्री में सबसे अलग और प्रभावशाली अदाकाराओं में शामिल कर दिया।

### प्यार में क्या बर्दाश्त नहीं?

# राशि खन्ना ने पोस्ट कर फैंस से पूछा सवाल

अभिनेत्री राशि खन्ना इन दिनों फिल्म तेलुस कडा को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस से प्यार के उन अनकहे कोनों को छुआ है, जो हर इंसान के मन में कहीं न कहीं छिपे रहते हैं। राशि ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट करते हुए फैंस से सवाल किया, प्यार में ऐसा क्या है जो आप बिल्कुल बर्दाश्त नहीं कर सकते?



तस्वीरों में अभिनेत्री देसी लुक में नजर आ रही हैं। उन्होंने नारंगी रंग की हैंड-एंब्रॉयडरी चिकनकारी कॉटन कुर्ती पहन रखी है। यह कुर्ती इतनी हल्की-फुल्की है कि गर्मियों की शामों में ठंडक का एहसास कराती है। हाथों में पिंक चूड़ियों की खनक उनकी नाजुक कलाईयों में जच रही है। वहीं, मिनिमल मेकअप के साथ राशि ने माथे पर बिंदी लगाई हुई है। तस्वीरों की तो बात करें तो, पहली तस्वीर में राशि हल्की-सी मुस्कान बिखेरते हुए कैमरे की ओर देख रही हैं। उनकी आंखों में एक शरारती चमक है, जो प्यार के सवाल को और गहरा बनाती है। दूसरी तस्वीर में वह बालों को हल्के से थामे, दिलकश अंदाज में पोज दे रही हैं और होंठों पर हल्की-सी हंसी है। तीसरी फोटो में वह मुस्कराती हुई सीधी नजर से कैमरे को घूर रही हैं। इंस्टाग्राम पर अब तक लाखों लाइक्स और हजारों कमेंट्स जमा हो चुके हैं। एक फैन ने लिखा, ईर्ष्या को कभी माफ नहीं कर सकती। तो दूसरे ने कहा, अनदेखी सबसे बड़ी सजा।

अभिनेत्री के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो उनकी कई फिल्में रिलीज के लिए लाइन में लगी हैं। आगामी फिल्म तेलुस कडा की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। तेलुसु काडा में राशि के साथ सिद्धू जोनालागड्डा और श्रीनिधि शेट्टी भी अहम रोल में होंगे। इसका निर्देशन नीरजा कोना द्वारा किया जा रहा है। साथ ही फिल्म की एडिटिंग श्रीकर प्रसाद द्वारा की गई है।

# महिला विश्व कप 2025: पाकिस्तान पर मिली जीत के बाद बोलीं हरमनप्रीत- बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी पिच



**कोलंबो :** कोलंबो में खेले गए महिला वनडे विश्व कप 2025 के मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 88 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा कि यह टीम के लिए ह्वबहुत अहम मुकाबलाह्व था और जीत से वह ह्वबहुत खुशह्व हैं, लेकिन यह आसान नहीं रहा। भारत की बल्लेबाजी फिर एक बार लड़खड़ाई और टीम एक समय 203 रन पर 7 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। हालांकि, ऋचा घोष ने अंत में नाबाद 35 रन (20 गेंदों पर) की ताबड़तोड़ पारी खेलकर स्कोर को 247 तक पहुंचाया। मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, ह्वसच कहूं तो इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। हमने बस यह सोचा कि जितना लंबा खेल सकें उतना अच्छा रहेगा। पिछली बार जब हम यहां त्रिकोणीय सीरीज में खेले थे, तब विकेट अलग थे। लेकिन पिछले दो दिनों की बारिश से पिच में पकड़ आ गई थी। हमारी योजना थी कि आखिरी तक विकेट बचाए रखें ताकि अंतिम ओवरों में रन बना सकें। गेंदबाजी में भारत की क्रांति गौड़ ने शानदार प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज गौड़ ने पाकिस्तान की शुरूआत बिगाड़ते हुए शुरूआती दस ओवरों में सदफ शमास और आलिया रियाज के विकेट झटके। उन्होंने 20 रन देकर तीन विकेट लिए और ह्वप्लेयर ऑफ द मैचह्व चुनी गईं। यह वही मैदान था जहां क्रांति ने इसी साल मई में अपना वनडे डेब्यू किया था। घरेलू वनडे फाइनल में उन्होंने चार गेंदों पर चार विकेट लेकर सभी को चौंका दिया था। कप्तान हरमनप्रीत ने उनकी तारीफ करते हुए कहा, ह्वक्रांति ने शानदार गेंदबाजी की। रेनुका भी दूसरे छोर से अच्छी लाइन-लेंथ रख रही थीं, जिससे हमें शुरूआती ब्रेकथ्रू मिले। हालांकि, भारत ने फील्डिंग में कई मौके गंवाए। टीम ने चार कैच छोड़े, जिनमें तीन कैच सिदरा अमीन के थे, जो पाकिस्तान की सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। हरमनप्रीत ने माना कि फील्डिंग में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा, ह्वहमने फील्डिंग में खुद को निराश किया। हमें बहुत मौके मिले जो हम पकड़ नहीं सके, लेकिन जीत के बाद खुशी जरूर होती है।

हरमनप्रीत ने आगे के मैचों को लेकर कहा, ह्वअभी हम इस जीत का आनंद लेना चाहते हैं। सुधार के लिए कई क्षेत्र हैं, लेकिन फिलहाल जीत से खुशी है। हम भारत लौट रहे हैं, जहां की पिचों को हम बेहतर जानते हैं। देखना यह है कि अगली टीम संयोजन क्या होगा और हम दिन-ब-दिन कैसे बेहतर कर सकते हैं।ह्व भारत अब अपने अगले दो मुकाबले 9 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी सरजमीं (विशाखापत्तनम) पर खेलेगा।

# रामलीला विवाद में पूनम पांडे का बयान, वीडियो मैसेज में बोलीं 'जय श्री राम'



**दिल्ली** के लाल किला मैदान में आयोजित होने वाली लव कुश रामलीला के कलाकारों में पूनम पांडे को शामिल करने का विरोध हो रहा है। हालांकि, कमेटी विरोध को दरकिनार करते हुए अपने फैसले पर अड़ी है। इस बीच कमेटी ने पूनम पांडे का एक वीडियो जारी किया है। इसमें उन्होंने बताया कि वह मंदोदरी का रोल प्ले कर रही हैं और इसके लिए उन्होंने क्या संकल्प लिया है। इस वीडियो क्लिप में पूनम पांडे कहती हैं, दिल्ली के लाल किला में विश्व प्रसिद्ध लव-कुश रामलीला में मुझे मंदोदरी की भूमिका निभाने का अवसर मिला है। मैं इसके लिए बहुत उत्साहित हूं, बहुत खुश हूं। मंदोदरी एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है, और वह रावण की पत्नी थीं। मैं इस खूबसूरत किरदार को निभाने के लिए उत्सुक हूं। इस रोल के लिए उन्होंने एक संकल्प भी लिया है। इसके बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा, नवरात्रि है। मैंने यह भी तय किया है कि मैं नौ दिनों तक उपवास रखूंगी ताकि मेरा तन और मन अधिक शुद्ध रहे और मैं इस खूबसूरत किरदार को बखूबी निभा सकूं। जय श्री राम। बता दें कि पिछले सप्ताह की शुरुआत में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने रामलीला में पूनम पांडे को लिए जाने पर आपत्ति जताई थी। वहीं, रविवार को रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने भी स्पष्ट कर दिया था कि पूनम पांडे ही मंदोदरी का किरदार निभाएंगी।

# बिहार की राजधानी पटना में भी दौड़ी मेट्रो ट्रेन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

**पटना :** बिहार में मेट्रों ट्रेन चलने का इंतजार खत्म खो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही बिहार को पहली मेट्रो ट्रेन की सौगात मिल गई है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को पटना मेट्रो का उद्घाटन करने के बाद खुद मेट्रो ट्रेन में बैठकर पहले सफर का अनुभव किया। उद्घाटन के दौरान मेट्रो में राज्य सरकार के कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने आज कॉरिडोर वन के तहत पटना जंक्शन सहित छह भूमिगत मेट्रो स्टेशनों और 9.35 किलोमीटर लंबी सुरंग की आधारशिला भी रखी। मुख्यमंत्री




नीतीश कुमार द्वारा उद्घाटन के बाद मेट्रो पाटलिपुत्र आईएसबीटी के पास बने डिपो से निकली और सबसे पहले न्यू आईएसबीटी स्टेशन पहुंची। यह पटना मेट्रो का पहला स्टेशन होगा। यहां से मेट्रो जीरो माइल स्टेशन होते हुए भूतनाथ स्टेशन तक चलेगी। फिलहाल इसी तीन स्टेशनों के बीच परिचालन शुरू किया जा रहा है। पटना मेट्रो का संचालन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए हर 20 मिनट के अंतराल पर प्रत्येक स्टेशन पर मेट्रो उपलब्ध रहेगी। प्रतिदिन मेट्रो 40 से 42 फेरे लगाएगी। पटना मेट्रो में 3 कोच वाली रैक चलाई जाएगी, जिसकी कुल क्षमता 945 यात्रियों की है। प्रत्येक कोच में लगभग 305 यात्री सफर कर सकते हैं। एक कोच में 147 यात्री बैठकर और शेष खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे। महिलाओं और दिव्यांगों के लिए हर कोच में 12 सीटें आरक्षित रखी गई हैं। मेट्रो फिलहाल न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से जीरो माइल होते हुए भूतनाथ स्टेशन तक चलेगी। इसी साल इसका विस्तार खेमनीचक और मलाही पकड़ी तक की जाएगी। पूरा परिचालन शुरू होने पर तीन कोच वाली मेट्रो में प्रति ट्रिप लगभग 900 यात्री यात्रा कर सकेंगे। किराए की बात करें तो आइएसबीटी से जीरो माइल का किराया 15 रुपये, वहीं न्यू आइएसबीटी से भूतनाथ मेट्रो स्टेशन का किराया 30 रुपए तय किया गया है। यानी पटना मेट्रो का फिलहाल न्यूनतम किराया 15 रुपये और अधिकतम किराया 30 रुपये रहेगा। मेट्रो के कोच को मधुबनी पेंटिंग से खास तौर पर सजाया गया है, जो बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है। कोचों में गेट, खिड़कियों और अंदरुनी हिस्सों पर गोलघर, महावीर मंदिर, महाबोधि वृक्ष, बुद्ध स्तूप और नालंदा के खंडहर जैसे बिहार के विश्वप्रसिद्ध पर्यटक स्थलों के आकर्षक स्टिकर लगे हैं। मेट्रो ट्रेन के इस उद्घाटन के साथ पटना में आधुनिक यातायात का नया युग शुरू हो गया है, जो शहरवासियों के लिए रोजमर्रा की यात्रा को आसान और सुविधाजनक बनाएगा।

## बोपन्ना, लुसियानो डाडेर्री और कोरेंटिन मौटे करेंगे टेनिस प्रीमियर लीग सीजन 7 की अगुवाई

एजेंसी

**मुंबई :** टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का सातवां सीजन इस साल 9 से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद के गुजरात यूनिवर्सिटी टेनिस स्टेडियम में खेला जाएगा। यह सीजन भारतीय टेनिस के लिए एक ऐतिहासिक और रोमांचक उत्सव बनने जा रहा है, जिसमें भारत के दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना, विश्व नंबर 29 लुसियानो डाडेर्री (इटली), विश्व नंबर 38 कोरेंटिन मौटे (फ्रांस) और विश्व नंबर 39 एलेक्जेंड्रे मुलर (फ्रांस) जैसे दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आगामी 9 अक्टूबर को मुंबई में होने वाली सीजन 7 की नीलामी के लिए आठों फ्रेंचाइजी अपनी टीमों को इन स्टार खिलाड़ियों के इर्द-गिर्द तैयार करने में जुटी हैं। भारत के अनुभवी स्टार और दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता रोहन बोपन्ना, जिन्होंने पिछले साल अपना टीपीएल डेब्यू किया था, इस बार एसजी पाइपर्स बेंगलुरु टीम की ओर से खेलते नजर आएंगे। ग्रैंड स्लैम और एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 45 वर्षीय बोपन्ना लीग के उस विजन को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसमें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं का संगम दिखता है। इटली के लुसियानो डाडेर्री (विश्व रैंक 29) इस बार राजस्थान रेंजर्स से खेलेंगे, जबकि फ्रांस के कोरेंटिन मौटे (विश्व रैंक 38) गुरुग्राम ग्रैंड स्लैमर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं एलेक्जेंड्रे मुलर (विश्व रैंक 39) गुजरात पैंथर्स से और आर्थर रिंडरकनेक (विश्व रैंक 54) हैदराबाद स्ट्राइकर्स से खेलेंगे। इसके अलावा दामीर जुमहूर (बोस्निया और हजेगोविना, पूर्व विश्व रैंक 23, मौजूदा 67) यश मुंबई ईगल्स की अगुवाई करेंगे। अर्जेंटीना के टोमास मार्टिन एटचेवेरी (विश्व रैंक 58) जीएस दिल्ली एसेस से और चेक गणराज्य के युवा स्टार डालीबोर स्वर्शिना (विश्व रैंक 91) चेन्नई स्मैशर्स से खेलेंगे। अब अपने लगातार सातवें संस्करण में प्रवेश कर चुकी टेनिस प्रीमियर लीग भारत की सबसे सफल खेल प्रतियोगिताओं में से एक बन गई है। यह देश की केवल चौथी ऐसी लीग है जिसने सात सीजन का मुकाम हासिल किया है। लीग को टेनिस के दिग्गज लिएंडर पेस, सानिया मिर्जा, महेश भूपति (सीईओ- एसजी पाइपर्स) और बॉलीवुड हस्तियों रकुल प्रीत सिंह व सोना?ली बेंद्रे बेहल का समर्थन प्राप्त है। टीपीएल अपने अनोखे फॉर्मेट, विश्व स्तरीय खिलाड़ियों और डिजिटल सहभागिता के जरिए भारत में टेनिस को एक नए रूप में पेश कर रहा है। टीपीएल के सह-संस्थापक कुनाल ठाकुर ने कहा, ह्लइस साल हमारे पास लुसियानो डाडेर्री, कोरेंटिन मौटे और एलेक्जेंड्रे मुलर जैसे विश्व स्तरीय नाम हैं, जो हमारे अपने ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना के साथ खेलेंगे। ऐसे खिलाड़ियों की मौजूदगी न केवल प्रतियोगिता के स्तर को ऊंचा करती है, बल्कि भारतीय टेनिस के युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है।

## स्टॉक मार्केट में भाविक एंटरप्राइजेज की मजबूत एंट्री, फायदे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पॉलीमर के कारोबार से जुड़ी कंपनी भाविक एंटरप्राइजेज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 140 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 2 प्रतिशत से अधिक प्रीमियम के साथ 143 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली के कारण कंपनी के शेयर की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीद बिक्री के बीच दोपहर 1:30 बजे कंपनी के शेयर 146 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। भाविक एंटरप्राइजेज का 77 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 30 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला



था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.07 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.30 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.67 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 42.00 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये 10 लाख शेयरों की बिक्री की गई है। आईपीओ में नए शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में उतार चढ़ाव होता रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 15.56 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 7.89 करोड़ रुपये और 2024-25 में फिसल कर 5.68 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इस दौरान कंपनी की आय में लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को कुल 491.09 करोड़ रुपये की आय हुई, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 500.35 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 531.46 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गई।

## इंडोनेशिया में इमारत हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 50 हुई , 13 लापता



एजेंसी

**जकार्ता :** इंडोनेशिया में पूर्वी जावा द्वीप के सिदोअरजो शहर में एक स्कूल की इमारत ढहने के कारण हुई दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर कम से कम 50 हो गई है। अब तक 13 लोग लापता हैं। आपदा प्रतिरोधक एजेंसी के उप निदेशक बुदी इरावन ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले सप्ताह हुई इस दुर्घटना में अल खोजिनी इस्लामी बोर्डिंग स्कूल की इमारत का मलबा हटाने के लिए भारी मशीनों का उपयोग किया गया। रविवार देर रात बचावकर्मियों ने अस्सी प्रतिशत मलबा साफ कर लिया। ज्यादातर शव किशोर छात्रों के थे जो कंक्रीट के भारी मलबों के नीचे दबे हुए थे। अब तक 50 शव बरामद किए गए हैं। राहत एवं बचाव टीम सोमवार रात तक मलबें में फंसे हुए 13 लोगों को बाहर निकालने की पूरी कोशिश करेगी। उन्होंने फंसे लोगों के जीवित होने की संभावना को बेहद क्षीण बताया। इस दौरान राहत एवं बचाव एजेंसी के एक अधिकारी युधी ब्रमांत्यो ने बताया कि मलबे में शरीर के क्षत विक्षत अंग बिखरे मिले हैं जिसके कारण मृतकों की संख्या कम से कम 54 हो सकती है। इमारत ढहने का कारण ऊपरी मंजिलों पर जारी निर्माण कार्य था, जिसे इमारत की नींव सहन नहीं कर सकी।

## रायपुर : सीएसआर फंड से जशपुर जिले को मिला 61 करोड़

-अस्पताल और तीरंदाजी केंद्र और स्कूल भवनों का होगा निर्माण

एजेंसी

**रायपुर :** पहली बार कॉरपोरेट सोशल रिस्पान्सबिलिटी (सीएसआर) फंड से 61 करोड़ की राशि विकास कार्यो के लिए जशपुर जिले को आबंटित की गई है। इस राशि से जिले में स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा और खेल के बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए उपयोग किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लगभग दो साल पहले जब जशपुर जिले के बगिया के लाल विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का पदभार सम्हाला था तो जिलेवासियों को पिछड़ेपन से मुक्ति की नई उम्मीद जागी थी। मुख्यमंत्री के रूप में अपने पहले जिला प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिलेवासियों को वायदा भी किया था कि जिले के विकास की ऐतिहासिक रोडमैप तैयार की जाएगी। अपने इस वायदे को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने तेजी से कदम बढ़ा रहे है। लगभग दो साल पहले जब जशपुर के बगिया के लाल विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का पदभार सम्हाला था तो जिलेवासियों को पिछड़ेपन से मुक्ति की नई उम्मीद जागी थी। मुख्यमंत्री के रूप में अपने पहले जिला प्रवास के दौरान सीएम विष्णुदेव साय ने जिलेवासियों को वायदा भी किया था कि जिले के विकास की ऐतिहासिक रोडमैप तैयार की जाएगी। अपने इस वायदे को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने तेजी से कदम बढ़ा रहे है।

**35 करोड़ से बन रहा है आधुनिक अस्पताल**

35 करोड़ की लागत से जिला मुख्यालय जशपुर में सौ बिस्तर की क्षमता वाली अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। निमार्णाधीन स्व. जगदेव राम उरांव स्मृति चिकित्सालय को संचालित करने की जिम्मेदारी वनवासी कल्याण आश्रम को दी गई है। इस अस्पताल भवन के निर्माण का कार्य रायगढ़ रोड में कल्याण आश्रम अस्पताल के प्रांगण में तेजी से चल रहा है। स्वीकृत राशि में से 17 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अगले साल 2026 तक इस भवन का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी प्रकार 18 करोड़ की राशि इस आधुनिक अस्पताल में आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों और भौतिक संसाधन जुटाने के लिए किया जाएगा।

**20 करोड़ से तैयार होगा तीरंदाजी केंद्र**

जिले में तीरंदाजी केंद्र के निर्माण के लिए सीएसआर फंड से 20.53 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। एनटीपीसी के सीएसआर फंड से इस तीरंदाजी केंद्र के निर्माण के लिए जिला प्रशासन ने सन्ना में जमीन तय कर ली है। इस आवासीय तीरंदाजी केंद्र में खिलाड़ियों को आधुनिक संसाधनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का लक्ष्य दिवंगत कुमार दिलीप सिंह जूदेव के सपने का मूर्त रूप देते हुए पहाड़ी कोरवाओं के धर्नुविद्या को निखार कर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्पधाओं योग्य बनाना है।

### मप्रः राज्यपाल आज सागर जिले के प्रवास पर, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**सागर :** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज सोमवार को सागर जिले के ग्राम कडता रहली के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राज्यपाल पटेल सागर से प्रस्थान कर 9.55 बजे ग्राम कड़ता नर्सरी में फ्रूट फॉरेस्ट्री कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण करेंगे। इसके बाद 10.10 बजे वे कार्यक्रम स्थल ग्राम कड़ता पहुंचेंगे, जहां हेल्थ कैंप का निरीक्षण करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल 10.55 बजे तक हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ वितरित करेंगे तथा हितग्राहियों से संवाद करेंगे। इसके उपरांत वे 11.17 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही के निवास पर पहुंचेंगे जहां अतिथियों के साथ भोजन करेंगे। भोजन के पश्चात 12.02 बजे वे ढाना हवाई पट्टी स्थित रेस्ट हाउस के लिए रवाना होंगे और 12.25 बजे रेस्ट हाउस से हवाई पट्टी पहुंचकर अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगे।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। वहीं एशियाई बाजार में आज फिलहाल मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। डाउ जॉन्स करीब 250 अंक की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। वहीं एस एंड पी 500 इंडेक्स



0.01 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,715.79 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, नैस्डेक ने 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,780.51 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 115.02 अंक यानी 0.25 प्रतिशत उछल कर 46,873.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 9,491.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,081.54 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 265.18 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,378.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज फिलहाल मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजार में से पांच के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि दो सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। दक्षिण कोरिया और ताइवान के स्टॉक एक्सचेंजों में छुट्टी होने के कारण कोस्पी इंडेक्स और ताईवान वेटेड इंडेक्स में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स फिलहाल 167.92 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 26,973 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.35 प्रतिशत टूट कर 1,289.04 अंक के स्तर तक गिर गया है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,997.59 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,416.14 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। जापान में नए प्रधानमंत्री के ऐलान से टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज में आज जोरदार उछाल नजर आ रहा है। टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज का निक्केई इंडेक्स फिलहाल 1,981.50 अंक यानी 4.33 प्रतिशत की जबरदस्त छलांग लगा कर 47,751 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,882.78 के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,128.28 के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### दार्जिलिंग से सिलीगुड़ी की सड़क खुली, पहाड़ों से नीचे लौटने लगे पर्यटक

**सिलीगुड़ी :** लगातार बारिश और भूस्खलन से तबाह उत्तर बंगाल में सोमवार को कुछ राहत मिली है। दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी के बीच यातायात मार्ग को अब खोल दिया गया है, जिससे वहां फंसे सैकड़ों पर्यटकों ने नीचे की ओर लौटना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण उत्तर बंगाल का अधिकांश इलाका जलमग्न हो गया था। खासकर पूजा के मौसम में बड़ी संख्या में दार्जिलिंग पहुंचे पर्यटक भूस्खलन के कारण रास्ते बंद होने से फंस गए थे। रविवार तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 पूरी तरह बाधित था, जिससे दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी का संपर्क टूट गया था। सोमवार को मौसम में सुधार के साथ सड़क को आंशिक रूप से साफ किया गया है। अब दार्जिलिंग की ओर आवागमन संभव है। प्रशासन के अनुसार, फंसे हुए पर्यटक अब सुरक्षित रूप से समतल इलाकों की ओर लौट रहे हैं। हालांकि, टाइगर हिल और रॉक गार्डन जैसे कुछ पर्यटन स्थलों पर अब भी लोगों को जाने की अनुमति नहीं दी गई है। शनिवार शाम से शुरू हुई मूसलाधार बारिश रविवार तक जारी रही। दार्जिलिंग में 24 घंटे में 261 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। भारी बारिश से मिरिक क्षेत्र में सबसे अधिक नुकसान हुआ। कई घरों और सड़कों को क्षति पहुंची है। उत्तर बंगाल में आई इस प्राकृतिक आपदा को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार हालात की निगरानी कर रही हैं। रविवार को उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों की स्थिति को लेकर पांच जिलों के जिलाधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की।

### डोडा में रिक्टर पैमाने पर 3.6 की तीव्रता का भूकंप आया

**जम्मू :** जम्मू संभाग के डोडा में आज भूकंप आया। भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण ज्यादातर लोगों को इसकी कंपन महसूस नही हुई। इस भूकंप में किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार सोमवार को जम्मू-कश्मीर के डोडा में 02:47 बजे रिक्टर पैमाने पर 3.6 की तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप 5 किमी की गहराई पर आया जिसका केंद्र अक्षांश 33.10 उत्तर और देशांतर 76.18 पूर्व पर स्थित था। अभी तक किसी के हताहत होने या क्षति की कोई सूचना नहीं मिली है।

### भाजपा कार्यालय ठाकरे परिसर में आज से खुलेगा सहयोग केंद्र, मंत्री सुनेंगे लोगों की समस्याएं

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार एक बार फिर अपने कार्यकताओं और जनता के समस्याओं के लिए कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में ह्यसहयोग केंद्रह्ण शुरू करने जा रही है। करीब 1 साल बाद यह पहल फिर से शुरू हो रही है। आज सोमवार (6 अक्टूबर ) से सहयोग केंद्र का संचालन होगा, जहां पहले दिन प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित रहेंगे। इस बात की पुष्टि छत्तीसगढ़ भाजपा के मीडिया संयोजक हेमंत पाणिग्रही ने की है।

उल्लेखनीय है कि ह्यसहयोग केंद्रह्ण की शुरूआत बीते साल राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिव प्रकाश के निर्देश पर की गई थी, ताकि कार्यकताओं और आम नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान हो सके। मंत्री प्रतिदिन यहां बैठकर लोगों से संवाद करते थे और छोटी समस्याओं का मौके पर ही निपटारा होता था।

### मध्य प्रदेश में अगले तीन दिन बूंदाबांदी के आसार, आज भी कई जिलों में हल्की बारिश का अनुमान

**भोपाल :** मानसून की विदाई से पहले मध्य प्रदेश में झमाझम बारिश का दौर जारी है। बीते रविवार को राजधानी भोपाल समेत 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। भोपाल में ही ढाई इंच और बैतूल में 2 इंच से ज्यादा पानी गिर गया। मौसम विभाग ने आज सोमवार को प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मौसमी प्रणालियां एक्टिव होने से अगले 3 दिन हल्की बारिश का दौर रहेगा। वहीं, ग्वालियर-चंबल संभाग ड्राई रहेगा। फिलहाल कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। रविवार को भोपाल, बैतूल समेत 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। भोपाल में शाम को तेज बारिश का दौर चला। भोपाल-इंदौर रोड पर इतनी तेज बारिश थी कि गाड़ियां रेंगती हुई चली। बारिश की वजह से भदभदा और कलियासोत डैम के एक-एक गेट रात में ही खोल दिए गए। गुना, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, श्योपुर, शिवपुरी, शाजापुर, सीहोर, छिंदवाड़ा, दमोह, सतना, सिवनी, बालाघाट में भी बारिश हुई। श्योपुर और सिवनी में करीब डेढ़ इंच पानी गिरा। देर रात तक प्रदेश के कई जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। बता दें कि प्रदेश के 12 जिलों से मानसून विदा हो चुका है। बाकी के जिलों से 10 अक्टूबर तक मानसून के लौटने की संभावना है। इससे पहले कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, अब तक ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर और रतलाम से मानसून विदा हो चुका है। राजगढ़ और अशोकनगर के कुछ हिस्से से मानसून विदा हुआ है। बाकी जिलों में 10 अक्टूबर तक मानसून विदाई ले लेगा।

### मोबाइल की लत नै ली जान, नाबालिग छात्र ने की आत्महत्या

**मेदिनीपुर :** मोबाइल की लत किसी नशे से कम नहीं। पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सबंग ब्लॉक में रविवार घटी एक दर्दनाक घटना ने इस सच्चाई को फिर उजागर कर दिया। मोबाइल फोन की लत से परेशान एक 16 वर्षीय छात्र ने कथित रूप से कीटनाशक खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृत छात्र का नाम बुद्धदेव मंडल बताया गया है। घटना सबंग ब्लॉक के बड़चाहरा क्षेत्र की है। बताया जाता है कि बुद्धदेव सबंग के चांदकुड़ी यूनियन हाई स्कूल का दसवीं कक्षा का छात्र था। कुछ महीनों से वह मोबाइल पर अत्यधिक समय बिताने लगा था। परिजनों के बार-बार मना करने के बावजूद वह पढ़ाई से ध्यान हटाकर फोन में ही डूबा रहता था। स्थानीय लोगों ने बताया शनिवार की शाम को पिता-माता ने जब उसे मोबाइल छोड़कर पढ़ने के लिए कहा, तो घर में कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर बुद्धदेव घर से कीटनाशक की बोतल लेकर कहीं निकल गया और कहा कि वह ह्लअपनी जान दे देगा।ह्व परिजनों ने पहले इसे उसकी नाराजगी समझकर अनदेखा किया, लेकिन जब देर रात तक वह घर नहीं लौटा, तो खोजबीन शुरू हुई। रविवार घर के सामने सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक के भीतर (डाले में) उसका शव मिला। उसे तुरंत सबंग ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। लक्ष्मी पूजा से पहले हुई इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर उपमंडल अस्पताल भेज दिया है और एक अस्वाभाविक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि छात्र ने मोबाइल की लत और पारिवारिक नाराजगी के कारण आत्मघात किया। गांव के लोग इस घटना से स्तब्ध हैं और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

न्यूज IN ब्रीफ

## कुश्ती प्रतियोगिता का ट्रायल 7 को



**सिमडेगा :** जिला स्तरीय महिला और पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता 2025 सह चयन ट्रायल दिनांक 07 अक्तूबर 2025 को पूर्वाहन 11 l00 बजे से कुरडेग के कदम टोली स्थित युवा हब भवन में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में अपने वजन भार में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 10 से 12 अक्टूबर 2025 तक हरिहर गंज पलामू में आयोजित झारखंड महिला और पुरुष राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 2025 में सिमडेगा जिला टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अपने साथ आधार कार्ड और नगर निगम या पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

## चार वर्षों के बाद मुरुमातू के महादलितों को मिली जमीन, 2022 में उजाड़ दिए गए थे कई परिवार



**पलामू:** अगस्त 2022 में पलामू के पांडू थाना क्षेत्र के मुरुमातू में महादलित के कई परिवारों को उजाड़ दिया गया था। कुछ लोगों ने उनके घरों को ध्वस्त कर दिया था। उस दौरान इस घटना को लेकर बड़ा विवाद हुआ था और राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग ने मामले में संज्ञान भी लिया था। घटना के बाद से महादलित (मुसहर) के एक दर्जन के करीब परिवार पांडु थाना के पुराने भवन में रह रहे थे।

10-10 डिसमिल जमीन उपलब्ध करायी गई

घरों को उजाड़ने की घटना के बाद से प्रशासन की तरफ से तत्कालीन व्यवस्था पुराना थाना भवन में ही की गई थी। करीब 4 वर्षों के बाद मुरुमातू के 10 महादलित परिवारों को 10-10 डिसमिल जमीन उपलब्ध करायी गई है। सभी को पांडू थाना क्षेत्र में जमीन उपलब्ध करायी गई है। रविवार को आयोजित समारोह में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम, स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह, डीसी समीरा एस की मौजूदगी में सभी 10 महादलित परिवारों को जमीन उपलब्ध करायी गई है।

मौके पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सभी को महादलित परिवारों को जमीन उपलब्ध करवाना एक सुखद अनुभूति है। जमीन का पट्टा मिलने के बाद अब मुसहर जाति के लोग भी बोल सकते हैं कि अब उनके पास अपनी जमीन है। मंत्री ने कहा कि सभी महादलित परिवारों को अंबेडकर आवास योजना से जोड़ा जाएगा। सभी परिवारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी और उन्हें कई सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। वहीं पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि यह बेहद ही महत्वपूर्ण पल है। विस्थापित परिवारों को जमीन उपलब्ध करवाया गया है।

## तीन युवक हिरासत में, घर से कट्टा बरामद

**धनबाद :** चिरकुंडा पुलिस ने शनिवार की देर रात थाना क्षेत्र के जुनकुदर फाटक के समीप संदेह के आधार पर तीन युवकों को हिरासत में लिया है। युवकों से पूछताछ तथा मोबाइल की छानबीन के बाद पुलिस ने प्रोजेक्ट कॉलोनी के एक युवक के घर से एक पुराना देसी कट्टा बरामद किया है। पुलिस फिलहाल तीनों युवकों से पूछताछ कर रही है। पुलिस मामले में कुछ भी बताने से इंकार कर रही है।

शनिवार की रात गश्ती के दौरान पुलिस ने कुमारधुबी स्टेशन के समीप दो युवकों को बाइक से घूमते देखा। पूछताछ करने पर दोनों ने मेला घूमकर आने की बात कही। इसके बाद पुलिस ने दोनों को छोड़ दिया। पुलिस टीम फिर गश्त करते हुए जुनकुदर फाटक पहुंची, तो देखा कि उक्त दोनों युवक सड़क किनारे बैठे हैं। पुलिस को दोनों की गतिविधियों पर संदेह हुआ। मोबाइल की जांच करने पर देसी कट्टा लहराते हुए उसमें एक युवक फोटो मिला। युवकों ने पुलिस को बताया कि कट्टा लहरा रहा युवक प्रोजेक्ट कॉलोनी का है। इसके बाद उक्त युवक के घर पहुंची। घर के गराज से कट्टा बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने उसे भी हिरासत में ले लिया है। तीनों से पूछताछ चल रही है। इसमें दो युवक शुभम ठाकुर व निखिल पासवान जुनकुदर ब्रह्मस्थान तथा एक कृष्णा यादव प्रोजेक्ट कॉलोनी जुनकुदर का रहने वाला है। इस मामले में थाना प्रभारी रामजी राय ने कुछ भी बताने से फिलहाल इंकार किया है। कहा कि खुलासा के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट होगा।

## महाराजा अग्रसेन जी की जयंती पर निकली शोभा यात्रा

**धनबाद :** अग्रोहा नरेश महाराजा अग्रसेन जी की 5150वीं जयंती पर मारवाड़ी सम्मेलन झरिया की ओर से रविवार को झरिया श्याम मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा झरिया लाल बाजार, लक्ष्मीनिया मोड़, सब्जी पट्टी, बाटा मोड़, मेन रोड, चार नंबर , धर्मशाला रोड होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पहुंची। शोभा यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान अग्रसेन महाराज के जयकारों से झरिया शहर गूंज उठा।

शोभा यात्रा में शामिल महिला-पुरुष श्रद्धालु भक्ति भजनों पर नाचते-झूमते चल रहे थे। यात्रा में कई झांकियां भी शामिल थीं। इसमें झारखंड की संस्कृति, राजस्थान की संस्कृति, महाराष्ट्र में गणेश वंदना की झलक झांकी में दिखी। महाराजा अग्रसेन और उनके 18 पुत्रों की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से संचालित स्कूलों व कॉलेजों के विद्यार्थी वाद्य यंत्र के साथ चल रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत मारवाड़ी सम्मेलन झरिया अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने अग्रसेन जी की पूजन कर की। रामगढ़ की 22 सदस्यीय बरसात ग्रुप पार्टी की धून ने लोगों का मन मोह लिया। लोग घरों से निकल कर शोभा यात्रा और झांकियों का आनंद लिया। मौके पर राजकुमार अग्रवाल, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, डॉ ओपी अग्रवाल, द्वारिका प्रसाद गोयनका, नथमल अग्रवाल, सीए दीपक अग्रवाल, ललित अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, प्रमोद जालूका, ललित कटेसरिया, अरुण बंसल, जगदीश तुलस्यान, रमेश रिटोलिया, महेश जालूका, गणेश अग्रवाल, रघुवीर गोयल, अजय भरतिया, सत्यनारायण भोजगढिया, ओम प्रकाश बजाज, बसंत गोयल।

# महापर्व छठ : घाटों पर गोताखोर व एनडीआरएफ की होगी तैनाती

संवाददाता

**जमशेदपुर :** दुर्गोत्सव के सफल आयोजन के बाद लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दिया है। हालांकि सुवर्णरेखा और खरकई नदी के जलस्तर ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने अभी से रणनीति बनानी शुरू कर दी है। घाटों पर गोताखोरों और एनडीआरएफ की तैनाती की पहल शुरू कर दी गयी है। इसके साथ ही घाटों की साफ-सफाई का का भी शुरू कर दिया गया है। शहर में लगभग 90 छठ घाट हैं। जहां व्रती पूजा-अर्चना करते हैं। जमशेदपुर अक्षेस में 36, मानगो नगर निगम में 17 और जुगसलाई नगर परिषद में 3 प्रमुख छठ घाट हैं।

डीसी के नेतृत्व में सभी छठ घाटों का निरीक्षण

डीसी के नेतृत्व में शहर के तीनों नगर निकायों (जमशेदपुर अक्षेस, मानगो नगर निगम और जुगसलाई नगर परिषद) और बागबेड़ा अंतर्गत आने वाले 70 से अधिक छठ घाटों पर सुरक्षा मानकों की जांच के लिए संयुक्त टीम निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के उपरांत ठोस निर्णय लिया जायेगा। जमशेदपुर अक्षेस (36 घाट), मानगो नगर निगम (13 घाट) और जुगसलाई नगर परिषद (3 घाट) के छठ घाटों पर पर्याप्त व्यवस्था के लिए टीम गठित कर अधिकारियों के बीच जिम्मेदारी बांटी जायेगी। इसके अलावा पूर्व की तरह शहर की कंपनियों से भी छठ घाटों की साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, लाइट, टेंट आदि उपलब्ध कराने में सहयोग लिया जायेगा।

मानगो के 17 घाटों पर विशेष फोकस

मानगो नगर निगम क्षेत्र में 17 छठ घाट हैं, जिनमें सुवर्णरिखा नदी पर स्थित वर्कर्स कॉलेज घाट और चाणक्यपुरी घाट प्रमुख हैं। मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने बताया कि नदी का पानी ज्यादा होने से खतरा ज्यादा है। नगर निगम के सभी 17 घाटों पर डेंजर जोन को लाल रिबन से घेरकर चिह्नित किया जायेगा। इसके अलावा, निगम की टीम छठ समितियों के साथ मिलकर सफाई और लाइटिंग सुनिश्चित कर रही है।

शहर के प्रमुख छठ घाटों की स्थिति

सुवर्णरेखा नदी तट : साकची और मानगो सुवर्णरेखा नदी तट पर जल स्तर ज्यादा है। जिससे घाट कम है। दुर्गा पूजा विसर्जन के बाद साफ-सफाई होने से घाट साफ है।

सोनारी दोमुहानी घाट : नदी का जल स्तर अभी सीढ़ी से नीचे है। साढ़ी के अगल- बगल और नदी के आसपास कंकड़-पत्थर ज्यादा है।

सोनारी कपाली घाट : यहां रास्ता ढलान होने के कारण पहले ही डेंजर जोन में आता है। नदी घाट में पानी ज्यादा है। जिससे हादसे की आशंका ज्यादा है।

हुरलुंग छठ घाट : बिरसानगर के हुरलुंग घाट में जलस्तर ज्यादा है। जिससे व्रतियों के लिए पूजा करने के लिए स्थान कम है।

जुगसलाई महाकालेश्वर छठ घाट : नदी का जलस्तर काफी ज्यादा है। जिसकी वजह से घाट छोटा हो गया है। पुराना पुलिया जो बनाया गया था। वह पानी में पूरी तरह से डूबा हुआ है।

बागबेड़ा बड़ौदा घाट : बागबेड़ा बड़ौदा घाट में वर्तमान में सीढ़ी तक पानी है। लोग फिलहाल यहां स्नान भी करने से परहेज कर रहे हैं।

शहर के डेंजर जोन में आने वाले प्रमुख घाट



दोमुहानी सुवर्णरेखा, कपाली सुवर्णरेखा, कदमा सत्ती खरकई, कदमा पावर ट्रांसफॉर्मर सब स्टेशन खरकई, कदमा नील सरोवर, कदमा शास्त्रीनगर खरकई (ब्लॉक नंबर 1, 2, 3, 4 व 5), बिष्टुपुर बेलीबोधन वाला खरकई, जुगसलाई महाकालेश्वर खरकई, बागबेड़ा बड़ौदा, मानगो वर्कर्स कॉलेज इंटेकवेल सुवर्णरेखा, मानगो चाणक्यपुरी, भुइयांडीह पांडेय, लक्ष्मीनगर कृत्रिम तालाब, सिदगोड़ा सूर्यमंदिर तालाब, बिरसानगर कृत्रिम तालाब, बारीडीह निराला पथ, भोजपुर सुवर्णरेखा, जिला स्कूल सुवर्णरेखा, हुडको तालाब, हुरलुंग सुवर्णरेखा, नरवा जादूगोड़ा, डिमना लेक, कांदरबेड़ा, जोयदा मंदिर, आदित्यपुर खरकई नदी।

छठ घाटों पर ये रहेगी व्यवस्था

1। डेंजर जोन चिह्नित कर लगेगा निशान : इस साल नदी का जल स्तर ज्यादा होने से नदी के गहरे या खतरनाक क्षेत्रों को पहले ही चिह्नित कर रस्सी, लाल रिबन और बैलून बांधा जायेगा, ताकि छठव्रती गहरे पानी में नहीं जायें।

2। गोताखोर की तैनाती : नगर निकायों की ओर से सुवर्णरेखा और खरकई नदी के प्रमुख घाटों पर गोताखोरों की टीम को तैनात किया जायेगा। जबकि अत्यधिक खतरनाक घाटों पर एनडीआरएफ की टीम को भी मुस्तैद रखने की योजना है।

3। पुलिस बल की तैनाती : नदी में तैरने वाले पुलिस जवानों को भी इस साल छठ घाटों पर तैनात किये जायेंगे। इसके लिए नगर निकायों की ओर से वरीय पुलिस अधीक्षक से ऐसे जवानों की तैनाती का अनुरोध किया जायेगा।

4। ड्रोन से होगी निगरानी : सुवर्णरेखा और खरकई नदी के भीड़ वाले प्रमुख छठ घाटों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की तैयारी चल रही है।

5। घाटों तक पहुंच पथ की मरम्मत : छठ के दौरान हजारों श्रद्धालु छठ घाटों पर आते हैं। इसे देखते हुए सभी छठ घाटों के पहुंच पथों को समय से पूर्व दुरुस्त करने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। काली पूजा विसर्जन के बाद घाटों की विशेष सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जायेगा।

6। लाइटिंग की व्यवस्था : नगर निकायों की ओर से घाट जाने वाले रास्ते में पर्याप्त हैलोजन लाइट लगाये जायेंगे।

7। घाटों पर अस्थायी चेंजिंग रूम : प्रमुख छठ घाटों पर नगर निकायों की ओर से महिला व्रतियों के लिए अस्थायी चेंजिंग रूम बनाये जायेंगे।

8। मेडिकल टीम की तैनाती : स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर के लगभग 18-20 प्रमुख घाटों पर मेडिकल टीम, डॉक्टर और एंबुलेंस की तैनाती रहेगी।

मानगो नगर निगम के प्रमुख छठ घाट

इंटक वेल छठ घाट, चाणक्यपुरी छठ घाट, वर्कर्स कॉलेज छठ घाट, बैकुंठ नगर छठ घाट, वास्तु विहार छठ घाट, साई सूरज आश्रम छठ घाट, लालजी छठ घाट, गौड़ बस्ती छठ घाट, शांतिनगर छठ घाट, लक्ष्मणनगर छठ घाट, श्यामनगर छठ घाट, रामनगर छठ घाट, गोकुल नगर छठ घाट

जेएनएसी एरिया के प्रमुख छठ घाट

सुवर्णरेखा छठ घाट, भुइयांडीह पांडेय घाट, न्यू पुरुलिया बस स्टैंड छठ घाट, दुलाल भुइयां घाट व कल्याण नगर घाट, बाबूडीह लालभट्ठा घाट, झरना घाट, बिष्टुपुर बेली बोधनवाला घाट, शास्त्रीनगर ब्लॉक 2, 3, 4 व 5, रामजनम नगर भट्ठा घाट, भाटिया बस्ती सती घाट, भाटिया बस्ती घोड़ा चौक मरीन ड्राइव घाट, नील सरोवर धनंजय पथ घाट,सोनारी दोमुहानी घाट, बच्चा सिंह बस्ती घाट, सिदो-कान्हू बस्ती घाट, रतन टाटा घाट, रामनगर रोड नंबर 6, घाट, हाड़ गोदाम श्याम नगर घाट, बारीडीह भोजपुर घाट, जिला स्कूल, कदानी रोड, भोजपुर कॉलोनी, निराला पथ, पटना लाइन जिला स्कूल, बारीडीह बस्ती, बागुनहातु बिहारी बस्ती, सूर्य मंदिर सिदगोड़ा, लक्ष्मीनगर मकदम, जेम्को बस स्टैंड घाट, आनंद नगर घाट, बजरंगी बागान शिवनगर घाट, रामधीन बागान घाट, कंचन नगर घाट, इस्ट प्लांट बस्ती घाट, केबुल टाउन बड़ा मैदान अवस्थित दो घाट व तोमर घाट, कैलाश नगर घाट, जोजोबेड़ा घाट, कृष्णा नगर घाट, बिरसानगर बड़ा तालाब, सरस्वती शिशु निकेतन स्कूल के समीप नंबर 1 ए, बी घाट, बिरसानगर जोन नंबर 9 घाट, संथाल बस्ती घाट, सी 2 तालाब घाट एवं संथाल बस्ती घाट आदि।

जिला पार्षद परितोष बनाते हैं हर साल 10 से ज्यादा कृत्रिम छठ घाट

जिला पार्षद परितोष सिंह गोविंदपुर में हर साल 10 से ज्यादा कृत्रिम छठ घाट का निःशुल्क निर्माण कराते हैं। जेसीबी की मदद से मैदानों में गड्ढा खोदकर अस्थायी घाट का निर्माण करते हैं। पिछले तीन-चार सालों से सुरक्षा के मद्देनजर यह ट्रेंड शहर में काफी तेजी से बढ़ रहा है। पारंपरिक नदी तटों की जगह, अब जमशेदपुर के कई मोहल्लों और बस्तियों में अस्थायी छठ घाटों का निर्माण कराया जा रहा है।

बाजार में 500 से लेकर 5 हजार में मिल रहा छठ टब

शहर का बाजार कृत्रिम छठ घाट बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। प्लास्टिक, फाइबर और रेडीमेड छठ टब बाजार में आ गये हैं। शहर के बाजारों में प्लास्टिक के 500 से लेकर 700 लीटर के बड़े टब 1500 रुपये लेकर 2,500 में बिक रहे हैं। बड़े परिवारों के लिए फोल्डेबल अस्थायी स्विमिंग पूल 3 से लेकर 5 हजार तक में बाजार में उपलब्ध है। जबकि वाटर प्रूफ प्लास्टिक शीट्स 500 से लेकर 1500 रुपये में उपलब्ध है। जिन्हें मैदान में गड्ढा खोदकर जल रोधक बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। विक्रेताओं के अनुसार टबों और पूलों में पानी भरकर व्रती आसानी से खड़े होकर सूर्य भगवान को अर्घ्य दे सकते हैं, जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से सबसे अच्छा है।

## इंद मेला समिति की हुई बैठक

**कोलेबिरा :** सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ इंद टांड मैदान मे इंद मेला समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजेश अग्रवाल ने किया गया। बैठक मे इंद मेला धुमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक मे इंद आठ अक्टुबर दिन को आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बुधवार रात्रि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसके रांची व राउरकेला के नागपुरी गायक गायिका को आमंत्रित करने का निर्णय लिया। वही डांसर कलकता के कलाकार को आमंत्रित किया गया। इस अवसर संचालन समिति का गठन किया गया। संरक्षक राजेश अग्रवाल, मनबोध ओहदार, तारकेश्वर सिंह, कुलेश सिंह, नितिश गोयल, नीरज साव, मनोज सेठिया, आशिष साहु, राजेश साव, रवि सिंह, पारसनाथ बडाइक, संतोष बडाइक, विश्वनाथ बडाइक, रामेश्वर सिंह, देवकुमार सिंह, उपेंद्र साव, अनिल साहु, अध्यक्ष प्रवीण साहु, सचिव सुनील सिंह उपसचिव प्रमोद साहु, कोषाध्यक्ष अमित साहु,उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल, संजय दुबे, अंकित साव को बनाया गया।

# पति के हत्यारों को फांसी दिलवाने तक जारी रहेगा संघर्ष : अपर्णा



संवाददाता

**धनबाद :** निरसा की पूर्व मंत्री अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा है कि पति के हत्यारों को फांसी दिलवाने तक संघर्ष जारी रहेगा। इसके लिए कानूनी लड़ाई जारी रहेगी। पूर्व मंत्री ने यह बातें रविवार को निरसा के रामकनाली में शहीद सुशांतो सेनगुप्ता, उनके भाई संजय सेनगुप्ता, पार्टी कार्यकर्ता डीडी पाल के 24वें शहादत दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। भाजपा धनबाद ग्रामीण जिला कमेटी की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पार्टी समर्थक शामिल हुए। जुलूस के साथ लोग कार्यक्रम स्थल पहुंचे। सर्वप्रथम सुशांतो सेनगुप्ता के पुत्र आकाश सेनगुप्ता, पुत्री लिपि सेनगुप्ता एवं शिल्पी सेनगुप्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। उनकी पत्नी पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र प्रदान कर किया।

सत्ता के लालच में हुई थी हत्या : पशुपति

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह ने कहा कि सुशांतो सेनगुप्ता निरसा क्षेत्र के लोगों की पीड़ा को समझते थे। उनकी लोकप्रियता को देखते हुए विरोधियों में खलबली मच गयी थी। सत्ता के लालच में आकर उनकी हत्या करवा दी गयी थी। पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि उनके पति सुशांतो सेनुगप्ता निरसा की जनता की सेवा व निरसा के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। दलित, गरीब, शोषित, पीड़ितों की सेवा करते रहे। निरसा में एक नहीं कई सुशांतो का जन्म हो चुका है। जो विरोधियों को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पति के हत्यारों को फांसी दिलवाने तक चैन से नहीं बैठेंगी।

कौन-कौन थे मौजूद

श्रद्धांजलि सभा में भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, पूर्व नप उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, डीएन पाठक, जिप सदस्य संजय सिंह पिंटू, मनोज सिंह, शंकर दयाल सिंह, संजय महतो, राजेश चौधरी, धर्मजीत सिंह, बलराम महतो, बुधन भुईयां, गौतम सेन गुप्ता, रामेश्वर साव, आकाश सेनगुप्ता, पूर्व जिप सदस्य मिथुन रविदास, दयामय उपाध्याय, रिजु सेनगुप्ता सहित भाजपा के सभी सात मंडलों के काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। अध्यक्षता घनश्याम ग्रोवर ने की।

## संदेहास्पद स्थिति में मिला शिक्षक का शव, पुलिस कर रही जांच

**धनबाद :** मुगमा के कापासारा इंदिरा नगर निवासी उत्क्रमित मध्य विद्यालय जशपुर के शिक्षक रामचरित पासवान (54) का शव रविवार की सुबह संदेहास्पद स्थिति में पड़ा मिला। शव कुमारधुबी ओपी क्षेत्र की एमबीइ ऑफिसर कॉलोनी के समीप एक आवास के खुले बरामदे में पड़ा था। पास में ही उनकी बाइक भी मिली। इसकी सूचना मिलते ही कुमारधुबी पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि शिक्षक की मौत हो चुकी है। ओपी प्रभारी मैथ्यू एक्का ने शिक्षक के परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही शिक्षक की पत्नी व बेटी पहुंची। उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था कि वे मृत पड़े हैं। वाहन से उन्हें उठा कर पास के नर्सिंग होम ले गये, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें एंबुलेंस से एसएनएमएमसीएच ले गये। वहां भी चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर लौट गये। लोगों का कहना था कि संभवतः हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हुई है। पत्नी व बेटी ने पुलिस को बताया कि रामचरित पासवान अपने बेटा को बाइक से कुमारधुबी स्टेशन छोड़ने गये थे। बेटा कोलकाता में नौकरी करता है। लेकिन वे एमबीइ कॉलोनी जाने वाले रास्ते पर कैसे पहुंच गये। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारण का पता चल पायेगा। शिक्षक की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चा है। घटना के बाद उनकी पत्नी, पुत्र व पुत्रियों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में ओपी प्रभारी मैथ्यू एक्का ने बताया कि परिजन की संतुष्टि के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा गया है। परिजन की लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई किया जायेगी।

## बरोरा में दो पक्षों में मारपीट मामले में अलग-अलग केस दर्ज

**धनबाद :** बरोरा में विजयादशमी की रात दो पक्षों में मारपीट मामले में बरोरा थाना में चौथा मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में बरोरा पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर माथाबांध निवासी पप्पू चौहान, मनोहर चौहान, दिनेश चौहान, छोटू चौहान, सतीश चौहान एवं अन्य के खिलाफ छेड़खानी, गाली-गलौज तथा मारपीट का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# तीन महीने बाद पर्यटकों के लिए खोला गया बेतला नेशनल पार्क

संवाददाता

**पलामू:** तीन महीने के बाद झारखंड के पलामू टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले बेतला नेशनल पार्क को पर्यटन गतिविधि के लिए खोल दिया गया है। गाइडलाइन के अनुसार से 1 जुलाई से 30 सितंबर तक पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में पर्यटन गतिविधि पर रोक लगा दी जाती है।

नवरात्र को देखते हुए बेतला नेशनल पार्क और पलामू टाइगर रिजर्व में पर्यटन गतिविधि की शुरूआत 27 सितंबर से होने वाली थी, लेकिन पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में पिछले कुछ दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही थी। इस कारण पार्क और पलामू टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले कई सड़कें टूट गई हैं, जबकि जलाशयों में पानी भरा हुआ है।

बेतला नेशनल पार्क में पर्यटन गतिविधि की शुरूआत

रविवार की अहले सुबह बेतला नेशनल पार्क में पर्यटन गतिविधि की शुरूआत हो गई है, लेकिन गाइडलाइन भी जारी किया गया है। बारिश होने की स्थिति में पर्यटन गतिविधि रोक रहेगी और जिस इलाके में सड़क टूटी हुई है उस इलाके में पर्यटकों की गाड़ी नहीं जाएगी। पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने कई गाइडलाइन भी जारी किए हैं।

कस्तूरबा की छात्राओं ने किया उद्घाटन

रविवार की अहले सुबह कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं और स्थानीय बच्चों ने पर्यटन गतिविधि का उद्घाटन किया है। बेतला नेशनल पार्क में ओपन सफारी की ही अनुमति है। वहीं पर्यटकों का एक-एक डाटा को इकट्ठा किया जा रहा है।

पीटीआर के उप निदेशक ने दी जानकारी

इस संबंध में पलामू टाइगर रिजर्व के उप निदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि बारिश के कारण कई सड़कें टूट गई हैं। इलाके में निगरानी रखी जा रही है। सड़कों की मरम्मत करायी जा रही है। पर्यटकों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है। पर्यटकों को इस बार थोड़ा इंतजार करना पड़ा है।

दरअसल, पलामू टाइगर रिजर्व 1149 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और बेतला नेशनल पार्क पर्यटन का सबसे बड़ा केंद्र है। ठंड के दौरान 40,000 से भी अधिक पर्यटक यहां घूमने के लिए पहुंचते हैं।

